• जयपुर, शुक्रवार 1 मई 26 • वर्ष 15 • अंक 185 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 जज-रेफरी बैठक में जिला योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर रणनीति तय...
पेज @4 किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में बोर्ड परीक्षा मेधावी विद्यार्थियों का भव्य...
पेज @8 राजस्थान को एक वर्ल्ड-क्लास पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना...

# जबलपुर में नर्मदा नदी में डूब गया सैलानियों से भरा क्रूज, 4 की मौत, 30 से ज्यादा लोग थे सवार

जबलपुर/एजेंसी

मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक दर्दनाक हादसा उस समय हो गया, जब नर्मदा नदी के बरगी डैम में सैलानियों से भरा हुआ क्रूज डूब गया. बताया जा रहा है कि इसमें 30 से 40 लोग सवार थे. इसमें प्रशासन को 4 शव मिले हैं. जैसे ही क्रूज डूबा, तुरंत हड़कंप मच गया और लोगों की चीख पुकार सुनाई देने लगी. इसके बाद स्थानीय लोगों और [illegible]टीम तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़ी और 18 लोग को डूबने से बचाया. इन लोगों को सुरक्षित बाहर लाया गया है.

हादसे की सूचना मिलते ही बरगी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और हादसे की जांच की जा रही है. इससे अलावा कई लोग अभी लापता हैं और उनकी भी तलाश की जा रही है. [illegible]और पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू में जुट गई है. मोटर बोट और स्पीड बोट से भी बचाव कार्य किया जा रहा है.



## अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में हो रही दिक्कत

प्रशासन को जो चार शव मिले हैं, उनमें तीन महिला शामिल हैं. शुरुआती जांच के मुताबिक जबलपुर में तेज तूफान आया, जिसकी वजह से क्रूज संतुलन खो बैठा और डूब गया. अभी अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कत आ रही है. टार्च जलाकर राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है. इसके अलावा घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है.

## दिग्विजय सिंह ने मजिस्ट्रेट जांच की मांग की

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूबने की घटना बेहद पीड़ादायक है. हादसे में कई लोगों के हताहत होने की खबर है. ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें. प्रशासन से अपील है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाई जाए और लापता लोगों को जल्द सुरक्षित निकालने के हर संभव प्रयास किए जाएं. प्रशासन को Magistrate Enquiry का आदेश देना चाहिए और क्रूज के ठेकेदार पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए.

### ● टॉर्च की रोशनी में चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

रात का समय होने के कारण बचाव कार्य वर्तमान में टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा है. राहत की बात यह है कि क्रूज के पायलट (कैप्टन) को बचा लिया गया है. आपदा राहत की टीमें मौके पर मौजूद हैं और लापता लोगों को खोजने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं. मध्यप्रदेश के वर्तमान पर्यटन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह ने बताया कि उनको मिली प्राथमिक सूचना के मुताबिक क्रूज अचानक फंस गया था. तकनीकि खराबी की भी आशंका है.

### ● लाइट की व्यवस्था कर रहे- जबलपुर आईजी

जबलपुर रेंज के [illegible] के मुताबिक अचानक आई आंधी की वजह से ये हादसा हुआ हो सकता है. ये सबकुछ एक मिनट के अंदर हुआ है. हादसे की पूरी जानकारी जांच के बाद सामने आएगी. फिलहाल हम यहां रेस्क्यू ऑपरेशन कर रहे हैं. हम लाइट्स का इंतजाम कर रहे हैं.

**न्यूज़ अपडेट**

## जंग के बीच अचानक आया मोजतबा का मैसेज, कहा 'गल्फ में नई शुरुआत'



**नयी दिल्ली/एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर अटक गई है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए प्रस्ताव को खारिज कर दिया है. उन्होंने साफ कहा कि जब तक तेहरान परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता, तब तक होर्मुज में नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी. ट्रंप ने इसे बमबारी से ज्यादा असरदार बताते हुए कहा कि इससे ईरान पर दबाव और बढ़ेगा. रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के जरिए भेजे गए प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट खोलने और नाकेबंदी हटाने की बात थी, लेकिन इसे मंजूरी नहीं मिली. वहीं दूसरी ओर ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका को सीधी धमकी देते हुए कहा है कि अगर अमेरिका ने कोई नई सैन्य कार्रवाई की, तो अमेरिकी नौसेना के जहाजों को समुद्र में 'जला दिया जाएगा'.

IRGC ने साफ संकेत दिया है कि वह अकेले नहीं, बल्कि पूरे 'रेजिस्टेंस फ्रंट' के साथ जवाब देगा. यह नेटवर्क पश्चिम एशिया में ईरान से जुड़े कई समूहों का है, जिससे टकराव बहु-फ्रंट युद्ध में बदल सकता है. IRGC के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'अगर अमेरिका ने गलती दोहराई, तो हम अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे और जवाब में नए तरीके और सरप्राइज होंगे.'

### ● कूटनीति भी ठप पड़ रही

दूसरी तरफ, अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत भी ठप पड़ती दिख रही है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के हालिया प्रस्ताव से नाराजगी जताई है. रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पहले सीजफायर और होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की बात रखी है, जबकि परमाणु मुद्दे को बाद में सुलझाने का सुझाव दिया है. लेकिन अमेरिका का रुख साफ है कि वह पहले परमाणु कार्यक्रम पर ठोस कदम चाहता है. यही सबसे बड़ा गतिरोध बन गया है. ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान 'कमजोर स्थिति' में है और जल्द से जल्द होर्मुज को खोलना चाहता है.

## चार देशों के साथ मिलकर भारत ने निकाली चीन का काट, जिनपिंग की सालों की मेहनत पर फिरा पानी

नयी दिल्ली/एजेंसी।

हिंद महासागर की लहरों के नीचे इन दिनों एक ऐसी शह-मात का खेल चल रहा है, जिसने ड्रैगन की नींद उड़ा दी है. बरसों से चीन अपनी 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति के जरिए भारत को चारों तरफ से घेरने की साजिश रच रहा था लेकिन भारत ने अब उसका ऐसा तोड़ निकाला है कि जिनपिंग की सालों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है. भारत ने अपनी 'डायमंड नेकलेस' रणनीति के तहत समंदर में एक ऐसा अभेद्य रक्षा चक्र तैयार किया है, जो न केवल चीन के जाल को काट रहा है, बल्कि भविष्य के किसी भी खतरे से निपटने के लिए भारत को तैयार करेगा.



### ● चीन की साजिश: 'मोतियों की माला' या कर्ज का फंदा?

**स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स:** चीन ने भारत को घेरने के लिए पाकिस्तान (ग्वादर), श्रीलंका (हंबनटोटा), म्यांमार और जिबूती जैसे देशों में बंदरगाहों का एक जाल बुना है.

**डेब्ट ट्रैप डिप्लोमेसी:** चीन दोस्ती का दिखावा कर गरीब देशों को भारी कर्ज देता है और जब वे इसे चुका नहीं पाते, तो उनके बंदरगाहों पर कब्जा कर लेता है.

**भारत की घेराबंदी:** इस रणनीति का सीधा मकसद हिंद महासागर में भारत के दबदबे को कम करना और उसे रणनीतिक रूप से कमजोर करना है.

**अंडमान का दम:** भारत का अंडमान और निकोबार द्वीप समूह मलक्का जलडमरूमध्य के मुहाने पर स्थित है, जो चीन के लिए व्यापार का मुख्य रास्ता है.

**सप्लाई लाइन पर वार:** संकट के समय भारत मलक्का के रास्ते को बंद कर चीन की पूरी ग्लोबल सप्लाई लाइन को मिनटों में ठप कर सकता है.

**चीन की सबसे बड़ी कमजोरी:** यही वही 'चोक पॉइंट' है जिससे ड्रैगन सबसे ज्यादा खौफ खाता है और भारत इसी का फायदा उठा रहा है.

**कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए अच्छी खबर**

## लिपुलेख और नाथुला पास से जाएंगे शिव भक्त, जल्दी करा लें रजिस्ट्रेशन

नयी दिल्ली/एजेंसी

कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी आई है. भारत सरकार ने साल 2026 के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का ऐलान कर दिया है. यह पवित्र यात्रा जून से अगस्त 2026 के बीच कराई जाएगी. कोरोना और लंबे समय के बाद फिर से यात्रा शुरू होने जा रही है, जिससे भक्तों में काफी खुशी है. जानकारी के मुताबिक, इस बार कुल 500 श्रद्धालु एक रास्ते से यात्रा करेंगे. यात्रियों को 10 बैच में भेजा जाएगा और हर बैच में 50 लोग होंगे. प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और आसान बनाने की तैयारी शुरू कर दी है.

यह यात्रा हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म के लोगों के लिए बहुत खास मानी जाती है. माउंट कैलाश और मानसरोवर झील को बेहद पवित्र माना जाता है. मान्यता है कि भगवान शिव का निवास कैलाश पर्वत पर है, इसलिए हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां जाने की इच्छा रखते हैं. इस बार यात्रियों के लिए दो रास्ते तय किए गए हैं. पहला रास्ता लिपुलेख पास से होगा, जहां से 50-50 लोगों के 10 बैच जाएंगे. यानी इस रास्ते से 500 यात्री जाएंगे. दूसरा रास्ता नाथूला पास से होगा. यहां से भी 50-50 लोगों के 10 बैच भेजे जाएंगे.



**आवेदन शुरू हो चुके हैं**

यात्रा के लिए आवेदन वेबसाइट kmy.gov.in पर शुरू हो गए हैं. जो लोग जाना चाहते हैं, वे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. आवेदन की आखिरी तारीख 19 मई 2026 रखी गई है, इसलिए समय रहते फॉर्म भरना जरूरी है.

# पश्चिम बंगाल में 150 के पार बीजेपी!

## एग्जिट पोल के आंकड़ों ने बढ़ाई ममता की टेंशन

कोलकाता/एजेंसी

पश्चिम बंगाल की सत्ता की चाबी किसके हाथ लगेगी, इसका सस्पेंस जल्द खत्म होने वाला है. एग्जिट पोल ने बंगाल की राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है. इस बार का मुकाबला ऐतिहासिक रहा है, जहां सत्ताधारी टीएमसी और बीजेपी के बीच सीधी जंग देखने को मिली है. पश्चिम बंगाल एग्जिट पोल 2026 के आंकड़ों को देखें तो बीजेपी को 143-163 (औसत 153) सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि ममता बनर्जी की टीएमसी 127-147 सीटों पर सिमटती दिख रही है. यानी बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ पहली बार पश्चिम बंगाल में सरकार बना सकती है. हालांकि, ये अनुमान हैं और आधिकारिक नतीजे चुनाव आयोग 4 मई को वोटों की गिनती के बाद जारी करेगा.

### ● फेज 2 और मार्जिनल सीटों का क्या है गणित?

यह एग्जिट पोल दोनों फेज के डेटा पर आधारित है. फेज 1 में बीजेपी ने 93 सीटों के मिडपॉइंट के साथ मजबूत पकड़ बनाई. वहीं फेज 2 में टीएमसी ने वापसी की कोशिश की और 81 सीटों तक पहुंची. हालांकि, मार्जिनल सीटों पर बीजेपी का पलड़ा भारी रहा. फेज 2 की कुल 39 मार्जिनल सीटों में से भाजपा 21 सीटों पर बढ़त बनाती दिख रही है, जबकि टीएमसी के खाते में 18 सीटें जा सकती हैं.

### ● प्रेसिडेंसी और वर्धमान में कौन पड़ा भारी?

प्रेसिडेंसी रीजन में टीएमसी अभी भी अपनी पकड़ बनाए हुए है, जहां उसे 63-69 सीटें मिलने का अनुमान है. इसके मुकाबले भाजपा यहां 38-44 सीटों पर ही रुकती नजर आ रही है. हालांकि, वर्धमान इलाके में बीजेपी ने अच्छा प्रदर्शन किया है और वहां उसे 17-21 सीटें मिल सकती हैं. यही छोटे-छोटे अंतर भाजपा को जादुई आंकड़े 148 के पार ले जा रहे हैं.

### बंगाल में BJP को 'छप्पर फाड़' बहुमत का अनुमान, टुडेज़-चाणक्य के एग्जिट पोल में 100 सीटों पर सिमट सकती है TMC

कोलकाता: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर टुडेज़-चाणक्य के एग्जिट पोल ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है. सर्वे के मुताबिक राज्य में बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है. एग्जिट पोल के अनुमान के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में आती दिख रही है. सीटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीजेपी को करीब 192 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) लगभग 100 सीटों तक सिमट सकती है. अन्य दलों जिनमें कांग्रेस और वाम मोर्चा शामिल हैं के खाते में बेहद सीमित सीटें, लगभग 2 के आसपास रहने का अनुमान जताया गया है. वोट शेयर की बात करें तो बीजेपी को करीब 48 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना जताई गई है, जबकि टीएमसी को लगभग 38 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं.



संपादकीय

# महिला आरक्षण : सियासी मेगा शो

मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026' पारित न करा पाने के बाद इसके कांग्रेस और विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने लिए सत्तारूढ़ भाजपा हर मुमकिन कोशिश कर रही है। विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर लाया गया शासकीय संकल्प भारी हंगामे और लंबी बहस के बाद पारित हो गया। अध्यक्ष के निर्देश पर सदस्यों ने हाथ उठाकर अपना मत जाहिर किया। विपक्ष द्वारा मत विभाजन की मांग पर अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि चूंकि मूल प्रस्ताव सरकार का है। अलग वोटिंग की जरूरत नहीं। सदस्य लॉबी में रजिस्टर पर पक्ष दर्ज करा सकते हैं। सिर्फ कांग्रेस सदस्यों ने रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। यकीनन इस विशेष सत्र में कांग्रेस को कोसने और विपक्ष के खिलाफ नरेटिव गढ़ने का राजनीतिक उद्देश्य काफी हद तक पूरा हो गया, लेकिन इससे भाजपा को जमीनी स्तर कोई राजनीतिक फायदा हो रहा है अथवा होगा, इसको लेकर खुद भाजपा भी आश्वस्त नहीं है। इसीलिए भाजपा शासित सभी राज्यों में विस के एक दिनी विशेष सत्र बुलाकर अधिनियम के समर्थन में शासकीय संकल्प पारित किए जा रहे हैं। मजे की बात यह है कि भाजपा सरकारें नारी शक्ति अधिनियम को पारित न होने देने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार तो ठहरा रही हैं, लेकिन कांग्रेस के इस पलटवार का जवाब नहीं दे रही हैं कि सरकार इस महिला आरक्षण को आज से ही लागू करने में क्यों हिचक रही है। बहरहाल मप्र विधानसभा के इस एक दिनी विशेष सत्र में नौ घंटे चली चर्चा में भी आठ घंटे केवल महिला आरक्षण के तकनीकी और राजनीतिक पहलुओं पर बात हुई, जिसमें महिला विधायकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। चर्चा के बाद उसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से पेश किए गए इस संकल्प ने सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच युद्ध छेड़ दिया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल पहले परिसीमन को 'सीज' कर दिया था, जिसके कारण देश की आधी आबादी आरक्षण से वंचित रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संसद में संशोधन विधेयक का समर्थन न कर महिलाओं से विश्वासघात किया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में राज्य सरकार द्वारा नौकरियों और अन्य क्षेत्रों में नारी सशक्तिकरण और ज्यादा भागीदारी के लिए उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। जबकि सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। विपक्ष का मुख्य तर्क यह था कि जब कानून बन चुका है, तो इसे जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तों में क्यों उलझाया जा रहा है? उन्होंने मांग की कि वर्तमान की 543 लोकसभा और 230 विधानसभा सीटों पर ही आज से ही 33% आरक्षण लागू किया जाए। कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण के भीतर कोटा निर्धारित करने की मांग की। यहां असल सवाल सरकार की नीयत और मंशा का है। देश में पांच राज्यों में विस चुनाव प्रक्रिया जारी रहते इस विधेयक को लाने का उद्देश्य क्या था? क्या इसे 4 मई के बाद भी नहीं लाया जा सकता था? हो सकता है कि सरकार को उम्मीद हो कि महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण से देने से देश भी सत्तर करोड़ महिलाएं आंदोलित होंगी और भाजपा के पक्ष में माहौल बनेगा। राजनीतिक नरेटिव गढ़ने तक तो ठीक है, लेकिन सियासी आरक्षण का मुद्दा कितनी महिलाओं की जमीनी आकांक्षाओं को एड्रेस करता है और अगर समूचे देश में तीन हजार से अधिक महिलाएं चुनाव जीतकर विधान मंडलों में पहुंच भी जाएंगी तो इससे आम महिलाओं को क्या लाभ होगा? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। लिहाजा लिहाजा महिला आरक्षण के नाम पर राजनीतिक मेगा शो चल रहा है।

# गुजरात नगर निकाय और पंचायत में कमल के मायने

**बहरहाल, इन चुनावों के नतीजों से साफ है कि जनता ने भाजपा को अपनाया और विपक्ष को ठुकरा दिया। भाजपा को कुल मिलाकर अस्सी प्रतिशत से ज्यादा सीटें मिलीं, जो उसके शासन पर भरोसे को दर्शाता है। बड़े शहरों में शहरी विकास और ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं ने भाजपा को आगे रखा। कांग्रेस की हार उनकी आंतरिक कलह और कमजोर नेतृत्व का नतीजा है। आम आदमी पार्टी नया खिलाड़ी होने के बावजूद असफल रही। जनता ने स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी, जैसे स्वच्छता, पानी, बिजली और सड़कें। भाजपा ने इन पर बेहतर प्रदर्शन किया। गुजरात की राजनीतिक जमीन पर एक बार फिर भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ दिखा दी है।**



अगले साल विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिससे विपक्षी दलों के चेहरों पर हताशा छा गई। इस बार कुल पंद्रह नगर निगमों, चौंऔंनवे नगर पालिकाओं, चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों में मतदान हुआ। नवसारी, गांधीधाम, मोरबी और वापी समेत नौ नए नगर निगमों में भी पहली बार वोट पड़े, और इन सबमें भाजपा ने कमाल कर दिखाया। मतदान में करीब अठारह लाख मतदाताओं ने हिस्सा लिया, जो कुल मतदाताओं का पचपन प्रतिशत से ज्यादा है। बड़े शहरों में भाजपा को खासा समर्थन मिला, जिसने पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त दे दी। यह जीत न केवल स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रही, बल्कि विकास, बुनियादी सुविधाओं और शासन की दक्षता पर जनता के भरोसे को भी उजागर करती है। विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस, को इन चुनावों में करारी शिकस्त मिली, जो उनकी कमजोर संगठन क्षमता और जनाधार खोने का संकेत देती है। इस जीत ने गुजरात की जनता के मनोबल को ऊंचा कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है, जबकि विपक्षी खेमे में सन्नाटा पसर गया। राज्य सरकार के विकास कार्यों, जैसे सड़कें, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता अभियान और बिजली व्यवस्था पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। बड़े शहरों में भाजपा ने न केवल सीटें हथियाईं, बल्कि पार्षदों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी की। छोटे नगरों और ग्रामीण इलाकों में भी यही कहानी दोहराई गई। यह चुनाव गुजरात मॉडल के पक्ष में एक बड़ा स्टांप लगाने जैसा साबित हुआ। जनता ने साफ संदेश दिया कि स्थानीय स्तर पर शासन की गुणवत्ता ही असली मुद्दा है। भाजपा ने जातिगत समीकरणों को तोड़ते हुए व्यापक समर्थन जुटाया, जो उसके संगठन की ताकत को दर्शाता है। नगर निगम चुनावों में भाजपा ने अपनी ताकत का पूर्ण प्रदर्शन किया। पंद्रह नगर निगमों में से अधिकांश में भाजपा ने साफ बहुमत हासिल कर लिया। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट जैसे प्रमुख शहरों में भाजपा ने पार्षदों की भारी संख्या जीती। इन शहरों में विकास कार्यों का श्रेय लेकर भाजपा ने मतदाताओं का दिल जीत लिया। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद नगर निगम में भाजपा ने कुल सीटों में से आधे से ज्यादा पर कब्जा जमाया। सूरत में भी यही हाल रहा, जहां व्यापारी वर्ग ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया। नए नगर निगमों जैसे गांधीधाम और वापी में पहली बार चुनाव होने पर भाजपा ने सारी सीटें जीत लीं। यह नई जगहों पर भी पार्टी की पैठ बढ़ने का प्रमाण है।

कांग्रेस को इन चुनावों में बुरी तरह पछाड़ा गया। जहां भाजपा ने बड़े शहरों में मजबूत बढ़त बनाई, वहीं कांग्रेस को छोटे-मोटे लाभ ही मिले। सूरत और वडोदरा जैसे शहरों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। आम आदमी पार्टी ने भी कुछ जगहों पर कोशिश की, लेकिन नतीजे निराशाजनक रहे। जनता ने कांग्रेस को ठुकरा दिया क्योंकि पार्टी स्थानीय मुद्दों पर कमजोर रही। भाजपा ने स्वच्छता, सीवरेज व्यवस्था और सड़क निर्माण जैसे कार्यों पर जोर देकर मतदाताओं को आकर्षित किया। मतदान प्रतिशत पचपन से ऊपर रहने से साफ पता चलता है कि शहरी मतदाता सक्रिय थे और उन्होंने भाजपा के पक्ष में फैसला लिया। यह जीत भाजपा को अगले विधानसभा चुनावों में शहरी सीटों पर मजबूत स्थिति देगी। विपक्ष को अब आत्ममंथन करना होगा कि आखिर जनता ने उन्हें क्यों नकार दिया।

उधर, पंचायत चुनावों ने भाजपा की ग्रामीण पकड़ को और पुख्ता कर दिया। चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों में भाजपा ने बहुमत हासिल किया। ग्रामीण इलाकों में पानी की व्यवस्था, बिजली पहुंच, स्कूलों का निर्माण और कृषि योजनाओं पर भाजपा के प्रयासों को जनता ने सराहा। जिला पंचायतों में भाजपा ने साठ प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतीं। तालुका स्तर पर भी यही ट्रेंड दिखा। छोटे गांवों से लेकर बड़े तहसील मुख्यालयों तक भाजपा का बोलबाला रहा। कांग्रेस को पंचायतों में भी करारी हार मिली। कई जगहों पर कांग्रेस उम्मीदवार जमानत जब्त कराने पर रह गए। आम आदमी पार्टी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में न के बराबर रहा। जनता ने भाजपा को अपनाया क्योंकि पार्टी ने ग्रामीण विकास पर ठोस कदम उठाए। मनरेगा जैसी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना ने ग्रामीण मतदाताओं का दिल जीता। विपक्ष को ठुकराने का कारण उनकी वादाखिलाफी और संगठन की कमजोरी रही। भाजपा ने ओबीसी, आदिवासी और पटेल समुदायों में अपनी पैठ मजबूत की। यह जीत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के लिए भाजपा को मजबूत आधार देगी।

बहरहाल, इन चुनावों के नतीजों से साफ है कि जनता ने भाजपा को अपनाया और विपक्ष को ठुकरा दिया। भाजपा को कुल मिलाकर अस्सी प्रतिशत से ज्यादा सीटें मिलीं, जो उसके शासन पर भरोसे को दर्शाता है। बड़े शहरों में शहरी विकास और ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं ने भाजपा को आगे रखा। कांग्रेस की हार उनकी आंतरिक कलह और कमजोर नेतृत्व का नतीजा है। आम आदमी पार्टी नया खिलाड़ी होने के बावजूद असफल रही। जनता ने स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी, जैसे स्वच्छता, पानी, बिजली और सड़कें। भाजपा ने इन पर बेहतर प्रदर्शन किया। यह जीत अगले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को मनोवैज्ञानिक बढ़त देगी। विपक्ष को अब मजबूत रणनीति बनानी होगी। गुजरात की जनता ने विकास मॉडल को चुना, जो भाजपा की लगातार जीत का राज है।

अध्यात्म

## गलत साधनों से प्राप्त धन व्यक्ति के विचारों को भी दूषित कर सकता है

महाभारत का प्रसंग है। युद्ध का अंतिम समय चल रहा था। कौरवों और पांडवों के बीच भयंकर संघर्ष हो चुका था। कौरव सेना के लगभग सभी महारथी पराजित हो चुके थे और युद्ध अपने निर्णायक मोड़ पर था। उस समय महान योद्धा भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे, अपने अंतिम समय की प्रतीक्षा करते हुए। एक दिन युद्ध में विराम के बाद सभी पांडव, श्रीकृष्ण भीष्म पितामह से मिलने पहुंचे। उनके साथ द्रौपदी भी थीं। भीष्म पितामह सभी को जीवन, धर्म और नीति से जुड़ी गहरी बातें समझा रहे थे। तभी द्रौपदी के मन में एक प्रश्न उठा, उन्होंने कहा, 'पितामह, आज आप धर्म और ज्ञान की इतनी गहरी बातें कर रहे हैं, लेकिन जब सभा में मेरा चीरहरण हो रहा था, तब आप भी वहां उपस्थित थे। उस समय आपका यह ज्ञान कहां था? आपने मेरी रक्षा क्यों नहीं की?' भीष्म पितामह कुछ क्षण शांत रहे। फिर गंभीर स्वर में बोले, 'पुत्री, मुझे पता था कि एक दिन तुम यह प्रश्न अवश्य पूछोगी। उस समय मैं दुर्योधन का दिया हुआ अन्न खा रहा था। वह अन्न अधर्म और अन्याय से कमाया गया था। ऐसे अन्न का प्रभाव मन और बुद्धि पर पड़ता है। मैं सब समझ रहा था, लेकिन मेरी बुद्धि दुर्योधन के सामने निर्णय लेने में असमर्थ हो गई थी।' द्रौपदी ने फिर पूछा, 'तो आज आप इतने स्पष्ट और निर्भीक होकर सत्य कैसे बोल पा रहे हैं?' भीष्म ने उत्तर दिया, 'जब अर्जुन के बाणों ने मेरे शरीर को भेद दिया, तब मेरे शरीर का सारा रक्त बह गया। वह रक्त उसी अन्न से बना था, जो दुर्योधन का था। अब मैं उस प्रभाव से मुक्त हूं, इसलिए सत्य को स्पष्ट रूप से कह पा रहा हूं।' यह सुनकर वहां उपस्थित सभी लोग गहरे विचार में डूब गए। यह केवल एक उत्तर नहीं था, बल्कि जीवन का एक गहरा सत्य था।

**सीख:** हम जो भी खाते हैं, पहनते हैं या उपयोग करते हैं, वह हमारी कमाई से जुड़ा होता है। यदि कमाई गलत तरीकों से होती है, तो उसका असर हमारे सोचने और निर्णय लेने की क्षमता पर पड़ता है। इसलिए ईमानदारी से कमाया गया धन ही वास्तविक सुख देता है। भोजन केवल शरीर को ऊर्जा नहीं देता, बल्कि मन और बुद्धि को भी प्रभावित करता है। गलत साधनों से प्राप्त भोजन व्यक्ति के विचारों को भी दूषित कर सकता है। भीष्म जैसे महान योद्धा भी गलत व्यक्ति के अन्न के कारण प्रभावित हो गए। इससे यह सीख मिलती है कि हमें किसी भी तरह की ऐसी निर्भरता से बचना चाहिए, जो हमारी स्वतंत्र सोच को कमजोर करती है। गलत संगत में न रहें। अच्छे लोगों के साथ रहें।

# 'मजदूर संघर्षों के अंत का मिथक और यथार्थ

- चित्रा माली

● सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता।



1917 का वर्ष भारत और महात्मा गांधी के सत्याग्रह के प्रयोग के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका में गांधी सत्याग्रह के प्रयोग कर चुके थे, और सफल भी हो चुके थे, लेकिन भारत की आवाम ने सिर्फ इन प्रयोगों के बारे में सुना था। गांधी जी को भी सत्याग्रह के प्रयोग करने का इतनी जल्दी अवसर मिलेगा यकीन नहीं था। 1917 में सत्याग्रह के तीन प्रयोग उनके द्वारा किए गए। पहला चंपारण सत्याग्रह दूसरा खेड़ा सत्याग्रह और तीसरा अहमदाबाद मिल मजदूर आंदोलन। पहला और दूसरा सत्याग्रह किसानों की जायज मांगों के लिए किया जा रहा था वहीं तीसरे आंदोलन के केंद्र में मजदूर थे और उनकी भी जायज और वाज़िब मांगे थी। गुजरात में इस अतिवृष्टि के कारण किसान और मजदूर दोनों ही अत्यधिक प्रभावित हुए थे। अतिवृष्टि ने फसलों को तबाह कर दिया था जिसके कारण किसान लगान कर अदा नहीं कर पा रहे थे और शहरों में अधिक पानी की वजह से प्लेग की बीमारी फैल गई थी। प्लेग की वजह से शहरों में अफरा-तफरी मच गई और तेजी से लोगों का पलायन होने लगा। कपड़ा मिल मालिक इस पलायन खासकर मजदूरों के पलायन से चिंतित हो उठे। अगर मजदूर वापस अपने गांव लौट जाएंगे तो कपड़े का उत्पादन कैसे होगा? मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए मिल मालिकों ने 75 प्रतिशत 'प्लेग बोनस' देने का प्रस्ताव रखा। यह बोनस सभी श्रेणी के मिल मजदूरों को मिलना था। इस बोनस की बदौलत अहमदाबाद मिल में उत्पादन जारी रहा जबकि अन्य शहरों में उत्पादन बंद हो गया। अहमदाबाद शहर में 106000 तकुए (स्पिंडल) काम कर रहे थे जो 22000 करघों को आपूर्ति दे रहे थे। कपड़े की बढ़ती हुई मांग की आपूर्ति के लिए मिल में एक की जगह दो पालियों में कार्य होने लगा। जनवरी 1918 तक प्लेग का प्रकोप खत्म हो गया था। मिल मालिकों ने मजदूरों को प्लेग बोनस बांटना बंद कर देने का निर्णय लिया। जब मजदूरों ने मंहगाई का हवाला देते हुए मिल मालिकों से शिकायत की तो उन्होंने सिर्फ 20 प्रतिशत की वृद्धि करने की बात की। ऐसा सभी श्रेणी के मजदूरों के लिए किया गया। इसे मजदूरों ने स्वीकार नहीं किया, खासकर बुनकरों ने कहा कि यह उनकी उम्मीदों के विपरीत बहुत ही कम है। मिल मालिकों ने अपने 20 प्रतिशत वृद्धि के मूल प्रस्ताव से आगे बढ़ने पर इनकार कर दिया। जिससे दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़ गए। मिल मालिकों का प्रतिनिधित्व अंबालाल साराभाई कर रहे थे और मजदूरों का प्रतिनिधित्व उनकी बहन अनसुया साराभाई कर रही थी। यह वर्ग संघर्ष एक पारिवारिक संघर्ष भी था। यह भारत या संभवतः समूचे विश्व के मजदूर-पूंजीपति संबंधों के इतिहास में अभूतपूर्व था। मिल मजदूर अपनी मजदूरी में 50 प्रतिशत की वृद्धि चाहते थे लेकिन गांधी जी ने मजदूरों को 35 प्रतिशत वृद्धि पर मना लिया था। लेकिन जब मिल मालिकों ने 35 प्रतिशत मजदूरी बढ़ाने से इनकार कर दिया तो गांधी जी और अनसुया साराभाई ने मजदूरों से काम रोक देने के लिए कहा। .22 फरवरी 1918 को मिल मजदूरों की हड़ताल शुरू हो गई। हर दोपहर साबरमती के किनारे बबूल के एक विशाल वृक्ष के सामने मजदूरों की बैठक होती थी। मजदूरों की हड़ताल से अहमदाबाद का मध्यम वर्ग चिंतित और आशंकित था। उन्हें डर था कि नाराज मजदूर कहीं सड़कों पर उपद्रव न करने लगें, चोरी न करने लगें और दंगा -फसाद पर उतारू न हो जाएं लेकिन मजदूरों के द्वारा ऐसा कुछ भी नहीं किया गया वे अहिंसक बने रहे और उसी बबूल के वृक्ष के नीचे प्रतिदिन गांधी जी से मिलते रहे। गांधी जी के बोलने के बाद मजदूर गाना गाने लगते, वे गीत उस मौके के लिए ताजा-ताजा तैयार किए गए होते थे। इन सभाओं में पर्चों का वितरण भी किया जाता था जिन्हें गांधी जी, अनसुया साराभाई और मजदूर नेता शंकरलाल बैंकर के द्वारा तैयार किया जाता था। एक पर्चे में मजदूरों से जुए से दूर रहने के लिए कहा गया था और सलाह दी गई थी कि वे अपने समय का सदुपयोग पढ़ाई करने में और अपने घरों की मरम्मत करने में करें। दूसरे पर्चे में दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रहियों और खदान व बागान मजदूरों के द्वारा किए गए बलिदानों को याद किया गया। तीसरे पर्चे में उनसे 'हिंदू, मुस्लिम, गुजराती, मद्रासी, पंजाबी आदि के भेदभाव से ऊपर उठने की अपील की गई...'। क्योंकि सार्वजनिक कार्यों में हम एक होते हैं या हमें एक जैसा बनने की इच्छा रखनी चाहिए। चौथे पर्चे में मिल मालिकों की निर्दयी रवैये की आलोचना की गई और कहा गया कि 'हम लोगों ने विश्वासपूर्वक उम्मीद की थी कि गुजरात की इस पवित्र भूमि के इस औद्योगिक शहर के जैन और वैष्णव मिल-मालिक कभी भी अपने श्रमिकों की पराजय में अपनी जीत का अनुभव नहीं करेंगे और जानबूझकर उनके वाजिब हक से कम उनका बकाया नहीं देंगे'। मजदूरों की हड़ताल तीसरे सप्ताह में पहुंच गई थी जिससे उनका दिल बैठने लगा था और गांधी जी की सभा में आने वाले मजदूरों की संख्या भी लगातार घटती जा रही थी। पहले जहां कई हजार मजदूर रोज आते थे वहीं अब उनकी संख्या कुछ सैकड़ा रह गई थी। कुछ मजदूरों ने मिल मालिकों के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था और वे वापस काम पर चले गए थे। गांधी जी ने 15 मार्च 1918 को मजदूरों के हित में उपवास करने का निर्णय लिया। यह पहला अवसर था जब वे किसी व्यापक सामाजिक या राजनीतिक मकसद के लिए उपवास पर जा रहे थे। गांधी जी के उपवास ने मिल मालिकों पर दबाव बढ़ा दिया था। अंबालाल और उनके सहयोगी अब स्थिति को बिगड़ने नहीं देना चाहते थे। उपवास के चौथे दिन यानी 18 मार्च को मिल मालिक एक तीसरे पक्ष के समक्ष समझौते के लिए राजी हो गए। मजदूरों और मिल मालिकों के इस संघर्ष की मध्यस्थता प्रोफेसर आनंदशंकर ध्रुवा के द्वारा की गई। समझौते के तहत मजदूरों को पहले दिन 35 प्रतिशत ज्यादा मजदूरी मिलना तय हुआ और उसके दूसरे दिन से लेकर निर्णय आने तक 20 प्रतिशत ज्यादा मजदूरी मिलना तय किया गया। प्रोफेसर ध्रुवा ने अगस्त 1918 को अपना निर्णय सुनाया जो मजदूरों के पक्ष में था जिसमें उनकी मजदूरी में 35 फीसदी इजाफा किया गया था जिसे पिछले दिनों से लागू किया गया था। भारत के मजदूर वर्ग की पहली राजनीतिक हड़ताल 23 से 28 जुलाई 1908 बंबई में बाल गंगाधर तिलक को मिली 6 वर्ष कारावास की सजा के विरुद्ध की गई थी इसमें मजदूरों के साथ आम जनता भी शामिल हुई थी। मजदूरों की हड़तालों का एक लंबा इतिहास है जिसमें कभी उन्हें सफलता मिली और कभी हड़तालें मिलों के बंद होने का कारण भी बनी। मजदूरों की सबसे अधिक हड़तालें कलकत्ता और बंबई में हुई। 1974 में भारत भर के रेलवे कर्मचारियों की विशाल हड़ताल ने उनके वेतनमान तय करने के लिए रेलवे वेतन बोर्ड की स्थापना के लिए रेलवे को बाध्य किया और इसी के फलस्वरूप रेलवे कर्मचारियों के वेतन के वृद्धि हुई। 1982 बंबई में दत्ता सामंत के नेतृत्व में 60 से अधिक कपड़ा मिलों के लगभग 2.5 लाख मजदूरों ने बोनस, काम के घंटे कम करने, वेतन वृद्धि और बेहतर स्थितियों की मांग के लिए अनिश्चित कालीन हड़ताल की जो बाद में मिलों के बंद होने का कारण भी बनी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर में धार्मिक गतिविधियाँ हो सकती हैं। स्वभाव में क्रोध और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

**वृषभ**
विदेशी कम्पनी से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। तकनीक से जुड़े कार्यक्षेत्र में धन लाभ होगा।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के बीच टकराव होने की आशंका है। सहकर्मियों का दबाव झेलना पड़ सकता है। आपकी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पायेंगे।

**सिंह**
यदि त्वरित लाभ की आशा करेंगे, तो निराश होना पड़ सकता है। कानूनी विवादों में उलझने की आशंका है। शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिजन आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मीडिया और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। अपनी गलतियों को दूर करने का प्रयास कर सकते हैं।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोध कार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
नया व्यापार आरम्भ करने में आसानी होगी। बिना माँगे किसी को सलाह न दें। इसके साथ ही किसी पर भी अत्यधिक विश्वास करने से बचें।

**धनु**
पति-पत्नी के बीच अहम् को लेकर टकराव हो सकता है। तनाव का नकारात्मक प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी रखें।

**मकर**
आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पायेंगे। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। रुका हुआ सरकारी काम आज हल हो सकता है।

**कुंभ**
अनैतिक कार्यों में से आपको दूर रहना चाहिये। उच्चाधिकारियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। तनाव की वजह से शरीर में शिथिलता रहेगी।

**मीन**
दाम्पत्य जीवन में परस्पर सम्मान की भावना कम हो सकती है। अपनी बातों को जीवनसाथी पर न थोपें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिलेगी।

# संक्षिप्त समाचार

ग्राम रथ अभियान

## एक मई को 8 विधानसभा क्षेत्रों के 31 गांवों में जायेंगे प्रचार रथ

**चमकता राजस्थान/के. डी. शर्मा सीकर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम रथ अभियान द्वारा जिले की 8 विधानसभाओं में एलईडी वैन द्वारा 31 गांवों में जाकर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

शुक्रवार को इन गांवों में पहुंचेगा प्रचार रथ

जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि 1 मई को फतेहपुर की ढांढण, दाडुन्दा, लक्ष्मणगढ़ की यालसर, लालासी, खुडी बड़ी, घस्सु, जसरासर, धोद की सेवा, सिहोट छोटी, श्यामपुरा, ताजसर खेजडोलियान, सीकर की चैनपुरा, दुर्गापुरा, पिपराली, पुरोहित का बास, दांतारामगढ़ की खाचरियावास, चैनपुरा, पचार, लामिया, खंडेला की जुगलपुरा, कांवट, लोहरवाड़ा, गढभोपजी , नीमकाथाना की नयाबास, पुरानाबास, कोटडा, नापावली, श्रीमाधोपुर की नांगल भीम, हांसपुर, कल्याणपुरा, कंचनपुर गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

## पुलिस थाना महवा का अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है जिसको लेकर 05.61 ग्राम स्मैक बेचते आरोपी गिरफ्तार

- **मादक पदार्थो के विरुद्ध विशेष अभियान Operation Anti Venon 2 के दौरान पुलिस थाना महवा की कार्यवाही**

**चमकता राजस्थान/ रिवेन्द्र कुमार शर्मा। दौसा।** जिलें में रेंज अधिकारियों के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री सेवन खरीद फरोख्त की रोकथाम हेतु चलाए जा रहें अभियान Anti Venom के तहत महुवा डीएसपी मनोहर लाल मीणा के नेतृत्व में थाना अधिकारी सचिन शर्मा के सुपरविजन में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना इलाके के मोटुका रोड़ शमसान घाट के समीप अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचनें की सूचना पर कार्यवाही करते हुए स्मैक बेचनें के आरोपी जगराम पुत्र हरी सैनी निवासी केसरी का बास मंडावर हाल निवासी मोटूका रोड़ महुवा दौसा को 05.61 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थानें पर प्रकरण संख्या 195/2026 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर आरोपी से अनुसंधान जारी है आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी पांच प्रकरण दर्ज है।

## 6 साल पहले बापी रीकों से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करनें के प्रकरण में इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार

- **सैंथल थाना एचएम हैंड कानि0 कमलेश शर्मा 67 की रहीं इनामी वारंटी की गिरफ्तारी में विशेष भूमिका**

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा /दौसा।** जिलें में रेंज आईजी के निर्देशन में दिनांक 1 अप्रैल 2026 से प्रकरणों में वांछित आरोपियों बदमाशों की धर-पकड़ हेतु चलाए जा रहें हैं अभियान में दिनांक 29 अप्रैल 2026 कों सैंथल थाना इलाके से दिनांक 18 फरवरी 2020 को पीड़ित बाल्लुराम मीणा निवासी वापी रीकों से रात्रि के समय में ट्रैक्टर ट्राली चोरी करनें के संबंध में दर्ज प्रकरण संख्या 40/2020 में पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान संख्या 110/2021 में पेश किया गया आरोपी जमानत पर बाहर आकर न्यायालय की तारीख पेशियां पर उपस्थित न होंने के चलते न्यायालय द्वारा आरोपी को स्थाई वारंट घोषित किया गया जिस पर दौसा पुलिस अधीक्षक द्वारा 1000 का इनाम घोषित जारी था।अभियान के दौरान सैंथल थाना अधिकारी रविंद्र चौधरी के सुपरविजन में थाना एचएम हैंड कानि० कमलेश शर्मा 67 सहित कानि० मुथरेश के अथक प्रयासों तथा तकनीकी संसाधनों की मदद से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करनें के प्रकरण में पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहें इनामी वारंटी मोहम्मद इलियास खांन पुत्र शेरखान मेंव निवासी सहडोली ठेगी का बास बग्गड़ तिराहा अलवर कों गिरफ्तार किया गया है वारंटी से नियमानुसार कार्यवाही जारी है

## शिक्षामंत्री श्री मदन दिलावर ने गुरुवार को शिक्षा संकुल में प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा की समीक्षा बैठक ली।





**चमकता राजस्थान/सांवलाराम चौधरी जालोर/ सांचौर।** बैठक में उन्होंनें गैर सरकारी विद्यालयों के मान्यता/क्रमोन्नति के लंबित प्रकरण, महिला कार्मिकों या छात्राओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रकरण, 16 सीसीए प्रकरण, एसीबी व पुलिस जांच के प्रकरण, भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी प्रकरण आदि की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली व लंबित प्रकरणों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

इसके साथ ही शिक्षामंत्री ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम व प्रवेशोत्सव की भी समीक्षा की। उन्होंने आगामी समय में आयोजित होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा श्री राजेश यादव, राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, निदेशक प्रारंभिक व माध्यमिक श्री सीताराम जाट, संयुक्त सचिव श्री महेन्द्र खींची, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक प्रथम श्रीमती सीमा शर्मा, द्वितीय श्री अशोक कुमार मीणा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों को किसी भी प्रकार के नियोजन में नहीं लगाए : डीएम

चमकता राजस्थान

**धौलपुर।** जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स, बंधक श्रमिक सतर्कता समिति एवं बीओसीडब्ल्यू टास्क फोर्स की बैठक का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी कक्ष में आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति का तत्काल



गठन करते हुए वर्ष में दो बार सर्वे कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बंधक श्रमिक से संबंधित अधिकतर शिकायतें ईंट-भट्टों, ढाबों पर कार्यरत श्रमिकों के संबंध में प्राप्त होती हैं। इन शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण किया जाए। बाल श्रम के संबंध में उन्होंने चाइल्ड लेबर एक्ट के बारे में जानकारी देकर बताया कि 14 से कम उम्र के बच्चों का सभी प्रकार के नियोजनों में कार्य प्रतिबंधित है जबकि किशोरावस्था 14 से 18 वर्ष में स्कूली शिक्षा बाधित हुए बिना बालकों को गैर खतरनाक श्रेणी में नियोजित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों को किसी भी प्रकार के नियोजन में नहीं लगाया जा सकता है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार दीक्षित ने बीओसीडब्ल्यू एक्ट, 1996 के की जानकारी देते हुए बताया कि जिले द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 5 करोड़ 4 लाख की प्राप्ति की है तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को 8 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला कलक्टर ने बीओसीडब्ल्यू उपकर के संबंध में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक उपकर की प्राप्ति हेतु समस्त ईओ, नगर परिषद आयुक्त को उपकर जमा की सूचना, भवन एवं अन्य संस्थान निर्माण की स्वीकृति सूचना श्रम विभाग को मासिक रूप से भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, समस्त उपखण्डाधिकारी, नगरपालिका ईओ, एसई पीडब्ल्यूडी, डब्ल्यूआरडी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# खरगोन मनेगी गौतम बुद्ध जयंती,बाबा साहब जयंती में शामिल झांकियों को करेंगे पुरस्कृत

चमकता राजस्थान

**खरगोन।** एक मई को शहर में गौतम बुद्ध जयंती उत्सव के रुप में मनाई जाएगी। इस दौरान अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा समिति के तत्वाधान में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।आयोजन समिति के प्रचार प्रमुख देवीसिंह धानसे ने बताया कि सब्जी मंडी पार्क स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर गौतम बुद्ध जयंती मनाई जाएगी इस दौरान 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा



में शामिल हुई झाकियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। मोर्चा के मोर्चा के रामेश्वर बड़ोले, प्रदीप करोंदिया झांकियों में बाबा साहब के जीवन के प्रेरक दृश्यों, जैसे उनके द्वारा संविधान निर्माण और दलितों-वंचितों के हक के लिए संघर्षों को जीवंत किया गया था।झांकियों के माध्यम से समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने और भाईचारे का संदेश दिया गया। ऐसी सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने वालीझाकियों को मोर्चा ने पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष बबलू आडतीया,निर्मल पवार,अजय भालसे ने बताया कि चयन समिति द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार एवं तृतीय को 11 हजार रुपए देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा अन्य झांकियों को 5 हजार 100 के सांत्वना पुरस्कार प्रोत्साहन स्वरुप दिया जाएगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का निर्णय चयन समिति का होगा। बुद्ध जयंती समारोह के दौरान इन।झाकियों के संचालकों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल हुए गायक, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों एवं सेवा स्टॉल लगाने वाले समाजसेवियों को भी शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## थाना फतेहपुर पुलिस ने ट्यूबवेल तार चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 5 शातिर गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने एक अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो पिछले काफी समय से क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों के लिए सिरदर्द बने हुए थे। यह गिरोह मुख्य रूप से खेतों में स्थित ट्यूबवेल, दुकानों और विद्युत उपकेंद्रों को अपना निशाना बनाकर कीमती तार और उपकरण चोरी करता था। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 25 मीटर बिजली केबल, 2.5 किलोग्राम तांबा, एक वेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन और चोरी में इस्तेमाल होने वाला टूल बॉक्स बरामद किया है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस की इस मुस्तैदी से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है।

## डीआईजी ने सुनी जनसमस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए दिए कड़े निर्देश

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनशिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु बृहस्पतिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय में जनसुनवाई की गई। इस दौरान डीआईजी ने परिक्षेत्र के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याओं को अत्यंत गंभीरतापूर्वक सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष



एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। डीआईजी अभिषेक सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। साथ ही, उन्होंने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह भी अनिवार्य किया कि शिकायतकर्ता को उसकी समस्या के समाधान की प्रगति से नियमित रूप से अवगत कराया जाए।

## नौरंगाबाद में जलभराव की समस्या से जनजीवन प्रभावित, ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश



**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर/धौलपुर** जिले के गांव नौरंगाबाद में आम रास्ते पर लंबे समय से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और खासकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी भरे होने के कारण रास्ता कीचड़युक्त और फिसलन भरा हो गया है, जिससे आए दिन लोग फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या कोई नई नहीं है बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जिससे रास्ता पूरी तरह से बंद जैसा हो जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में काफी कठिनाई होती है और कई बार उन्हें पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है।

गांववासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। इसके अलावा, गांव के सरपंच और सचिव को भी कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन उनकी ओर से भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था कर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## विद्यावाड़ी की छात्रा जयश्री ने रचा इतिहास, राष्ट्रपति अवॉर्ड परीक्षा की उत्तीर्ण

**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/जवाली पाली।** मरुधर महिला शिक्षण संघ संस्थान द्वारा संचालित लीलादेवी पारसमल संचेती अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, विद्यावाड़ी की कक्षा बारहवीं की छात्रा जयश्री ने राष्ट्रपति अवॉर्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे जिले का मान बढ़ाया है।



जयश्री पाली जिले में राष्ट्रपति अवॉर्ड परीक्षा पास करने वाली विद्यावाड़ी की पहली छात्रा बनी हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि समस्त विद्यावाड़ी परिवार और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। संस्था अध्यक्ष श्री कांति लालजी मेहता एवं संस्था सचिव श्री कैलाश टी कावेडीया ने इस उपलब्धि को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया और छात्रा को हार्दिक बधाई दी। संस्था निदेशक श्री एम. के. शर्मा ने जयश्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति नाथ ने इस अवसर पर पाली की सी.ओ. श्रीमती डिम्पल दवे, स्थानीय सचिव श्री लादू सिंह जी ब्लॉक बाली के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि जयश्री की इस सफलता ने क्षेत्र में स्काउट और गाइड गतिविधियों के प्रति सकारात्मक संदेश दिया है, जिससे अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे।विद्यालय परिवार ने जयश्री की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# पूर्व मंत्री बच्चू कडू का शिवसेना में प्रवेश, प्रहार संगठन स्वतंत्र रूप से रहेगा सक्रिय

चमकता राजस्थान

**अरविंद कोठारी/ठाणे ,** महाराष्ट्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। प्रहार संगठन के संस्थापक अध्यक्ष बच्चू कडू ने आज भगवा झंडा थामते हुए शिवसेना में आधिकारिक रूप से प्रवेश किया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रहार संगठन आगे भी एक स्वतंत्र सामाजिक संगठन के रूप में कार्य करता रहेगा।

इस मौके पर बच्चू कडू ने कहा कि उनकी पहचान जन आंदोलनों से बनी है। किसानों की कर्जमाफी के लिए निकाले गए मोर्चे, दिव्यांगों




के अधिकारों के लिए किए गए आंदोलन और गरीब, शोषित एवं पीड़ित वर्ग के मुद्दों को लेकर उन्होंने लगातार संघर्ष किया है, जिससे समाज में उनकी अलग पहचान बनी है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके आंदोलनों के चलते सरकार को कर्जमाफी जैसे महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़े। अन्याय के खिलाफ लड़ाई बाळासाहेब ठाकरे के विचारों का मूल आधार रही है। उन्होंने कहा कि उनके और बच्चू कडू के विचार समान हैं तथा आम जनता को न्याय दिलाने के लिए सामाजिक आंदोलनों को राजनीतिक शक्ति देने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से उनका और उनके सहयोगियों का शिवसेना में स्वागत किया गया। साथ ही, पार्टी की ओर से विधान परिषद चुनाव के लिए उनकी उम्मीदवारी की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर उद्योग मंत्री उदय सामंत, शिवसेना सचिव संजय मोरे, विधायक मुरजी पटेल, पूर्व सांसद राहुल शेवाळे सहित शिवसेना के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रहार संगठन के सदस्य और बड़ी संख्या में दिव्यांग नागरिक उपस्थित रहे।

# पावी-जेतपुर में भारी वाहनों पर प्रतिबंध: 30 टन से अधिक वजन वाले वाहनों के लिए डायवर्जन लागू

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** गुजरात के छोटाउदेपुर जिले में यातायात व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना (नोटिफिकेशन) जारी किया गया है। यह निर्णय पावी-जेतपुर ग्राम पंचायत के पास स्थित स्लैब ड्रेन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-56 पर मौजूद संरचना को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट गार्गी जैन द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार, पावी-जेतपुर क्षेत्र में चेनेज 405/985 पर स्थित संरचना (स्लैब ड्रेन) को क्षति पहुंचने के कारण वहां से गुजरने वाले वाहनों के लिए वजन सीमा निर्धारित कर दी गई है। अब इस मार्ग से केवल 30 टन तक कुल वजन वाले वाहन ही गुजर सकेंगे। इससे अधिक वजन वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग (डायवर्जन) अनिवार्य रूप से लागू किया गया है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम सड़क और पुल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या बड़ा नुकसान टाला जा सके। विशेष रूप से भारी वाहनों के कारण कमजोर हो चुकी संरचना पर अतिरिक्त दबाव पड़ने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

डायवर्जन मार्ग की जानकारी:

बोडेली से छोटाउदेपुर की ओर जाने वाले 30 टन से अधिक वजन वाले भारी वाहन अब सीधे इस मार्ग का उपयोग नहीं कर सकेंगे। उन्हें बोडेली से मोडासर चौकड़ी, रंगली चौकड़ी और पानवड होते हुए छोटाउदेपुर जाना होगा।

इसी प्रकार, छोटाउदेपुर से बोडेली की ओर आने वाले भारी वाहन पानवड, रंगली चौकड़ी और मोडासर चौकड़ी के रास्ते बोडेली पहुंचेंगे।

प्रशासन ने सभी वाहन चालकों और परिवहन संचालकों से इस आदेश का सख्ती से पालन करने की अपील की है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी और उन्हें दंडित किया जा सकता है।

यह अधिसूचना 28 मई 2026 तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात पुलिस और संबंधित विभागों द्वारा निगरानी रखी जाएगी, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

इस निर्णय से जहां एक ओर सड़क और संरचना की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों और वाहन चालकों की सुरक्षा भी बनी रहेगी। प्रशासन का यह कदम संभावित दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सफलता की कहानी: पक्के घर का सपना हुआ साकार



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** उपखण्ड टॉडगढ़ की ग्राम पंचायत बराखन में आयोजित ग्राम रथ अभियान ने एक जरूरतमंद परिवार के जीवन में खुशियों की नई किरण जगाई। ग्राम बराखन निवासी लक्ष्मी देवी (पति शक्ति सिंह, जाति रावत) का वर्षों पुराना सपना इस अभियान के माध्यम से साकार हुआ।
पूर्व में कच्चे मकान में जीवन यापन कर रही लक्ष्मी देवी को हर बारिश में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। छत से पानी टपकना, दीवारों का कमजोर होना और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता हमेशा बनी रहती थी। ऐसे में ग्राम रथ अभियान उनके लिए आशा की किरण बनकर आया। कार्यक्रम प्रभारी श्री पन्ना सिंह, नायब तहसीलदार, ब्यावर के मार्गदर्शन में लक्ष्मी देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला और उनके नए पक्के घर का गृह प्रवेश संपन्न कराया गया। अब उनका परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रह रहा है।
भावुक होकर लक्ष्मी देवी कहती हैं–
₹पहले कच्चे मकान में बारिश के समय बहुत परेशानी होती थी। अब पक्का घर मिलने से जीवन आसान हो गया है। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से मेरा कार्य हुआ, इसके लिए मैं राज्य सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ। यह कहानी न केवल एक परिवार के जीवन में आए बदलाव को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि सरकार की योजनाएं सही पात्र तक पहुंचकर कैसे वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं।

### अवैध बजरी से भरे 02 वाहन ट्रेलर जब्त, 160 टन अवैध बजरी बरामद

- अवैध खनन के खिलाफ पुलिस थाना साकेत नगर की बड़ी कार्यवाही

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक, ब्यावर रतन सिहं के निर्देशानुसार,भुपेन्द्र शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर व राजेश कसाना वृताधिकारी वृत ब्यावर के सुपरविजन में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु रेज पुलिस महानिरीक्षक महोदय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना साकेत नगर द्वारा टीम का गठन कर कार्यवाही करते हुए 29.अप्रैल . 2026 को बाडिया शयामा श्रीनाथ हॉटल के पास ट्रेलर नंबर फख 14 ऋढ 8952 और फख21 ऋऋ1014 को नाकाबंदी कर अकस्मात रोक कर चैक किया गया तो उक्त वाहनो में बजरी भरी पाई गई। जिसके सबंध में वाहन चालको से वैध दस्तावेज (रवन्ना / टीपी) चाहा गया तो कोई वैध दस्तावेज (रवन्ना/टीपी) नही होने पर बजरी से भरे वाहनों को मौके पर जब्त किया गया। उक्त दोनों वाहनों के विरुद्ध खनिज विभाग की रिपोर्ट पर एवं प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी
**पुलिस टीम मे** गणपतराम उप निरीक्षक थाना प्रभारी ओमप्रकाश सहायक उप निरीक्षक जालाराम अशोक सिह ओमप्रकाश पुलिस थाना साकेत नगर जिला ब्यावर का सहयोग रहा

### फलोदी में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन, आम सभा में नेताओं के तीखे बयान




**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी के नए कार्यालय का उद्घाटन नागौर रोड टाउन हॉल के पास पूर्व कैबिनेट मंत्री साले मोहम्मद, लोकसभा प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा, पूर्व विधायक किशना राम बिश्नोई सहित कई नेताओं की उपस्थिति में ढोल-धमाकों के साथ किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद सलीम नागौरी ने जिला अध्यक्ष पद का विधिवत पदभार भी ग्रहण किया। उद्घाटन के बाद ''संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ'' अभियान के तहत टाउन हॉल में जिला स्तरीय आम सभा आयोजित हुई, जिसमें जिले भर से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, महिला-पुरुष शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए साले मोहम्मद ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पालन और कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। लोकसभा प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बंद होना चाहिए, जबकि पूर्व विधायक किशना राम बिश्नोई ने भाजपा पर जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने और चुनावों से बचने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। अंत में जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागौरी ने सभी आगंतुकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### वैश्विक भगवान गौतम बुद्ध की जन्म जयंती का आयोजन वैली कॉलेज में

**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर।** जोधपुर की पावन धरा पर भगवान गौतम बुद्ध की 2570 वीं जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) का आयोजन बनाड़ रोड़ स्थित वैली कॉलेज में 1 मई को सुबह 9 बजे किया जाएगा। यह आयोजन बौद्ध शिक्षा संस्थान जोधपुर और समता सैनिक दल के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। बौद्ध शिक्षा संस्थान जोधपुर के जिलाध्यक्ष श्री सुगन राज बौद्ध और संस्था सचिव श्री जगदीश जी जायल ने बताया कि भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव को बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समता सैनिक दल के जिलाध्यक्ष डॉ नवीन बौद्ध ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर इस आयोजन का उद्देश्य विश्व में मानवता और समरसता का प्रचार प्रसार करना है। वैली कॉलेज के चेयरमैन श्री देवेन्द्र विक्रम ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के इस अवसर पर कॉलेज कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। कॉलेज के संस्थापन अध्यक्ष डॉ एम एल विक्रम ने बताया कि वर्तमान विश्व में मानवता और शांति बनाने के लिए बुद्ध के विचारों को अपनाना अत्यन्त आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, समाजसेवियों और बौद्ध अनुयायियों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न पदाधिकारी आदरणीय लक्ष्मण दास बागराणा, श्री भंवर लाल बौद्ध, श्रीमती कमला जी बूगालिया, श्री ओम प्रकाश गांधी, श्री विपिन विक्रम, श्री सुखदेव जी बालन, श्री शिवकरण सोनेल, श्री जीयाराम जी, श्री मोहन राम जी अनकिया आदि से भी उपस्थित होने का निवेदन किया गया है।

# सम्पूर्ण शिक्षा समिति मुंबई व लता-प्रिया के सहयोग से सपेरा बस्ती के बच्चों के चेहरे खिले, खिलौनों ने जगाई नई उम्मीद

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी उपखंड की खबर, युवा चेतना फाउंडेशन धौलपुर द्वारा संचालित निःशुल्क बृज शिक्षा केंद्र, गदरपुरा बाड़ी में आज का दिन बच्चों के लिए बेहद खास और यादगार रहा। महाराष्ट्र, मुंबई स्थित सम्पूर्ण शिक्षा समिति के माध्यम से लता एवं प्रिया द्वारा भेजी गई खेलकूद एवं शैक्षणिक सामग्री ने घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू सपेरा बस्ती के बच्चों के जीवन में नई खुशियां भर दीं। प्राप्त सामग्री पाकर बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए कार्टून बॉक्स से विभिन्न आकृतियां बनाईं और खेल-खेल में सीखने का आनंद लिया। इस गतिविधि ने बच्चों के मानसिक विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार किया। संस्था से जुड़ी टीम ने बताया कि इस प्रकार की सहयोगात्मक पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सम्पूर्ण शिक्षा समिति, मुंबई तथा लता और प्रिया के इस सराहनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रयास वंचित वर्गों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं। संस्था अध्यक्ष रामदास तरुण ने कहा कि घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समुदाय के बच्चों के लिए इस प्रकार की शैक्षणिक और खेल सामग्री अत्यंत उपयोगी है। इससे बच्चों को सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सहयोग की अपेक्षा जताई।कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपने अनोखे अंदाज में खुशी जाहिर करते हुए सम्पूर्ण शिक्षा समिति, मुंबई तथा लता-प्रिया का धन्यवाद किया, जो इस पहल की वास्तविक सफलता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम के मौके पर रामनिवास, सुरेश चंद्र सेमल, कप्तान सिंह, विश्वेंद्र सिंह, राधा, आशा वाई मनीष कुमार अध्यापक आदि लोग मौजूद रहे।

ठाणे महानगरपालिका प्रभाग 29, दिवा पश्चिम

## स्कूलों की लंबित समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

चमकता राजस्थान



**अरविंद कोठारी/दिवा** पश्चिम स्थित ठाणे महानगरपालिका की स्कूल में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रभाग क्रमांक 29 के अंतर्गत आने वाली स्कूल क्रमांक 49 (बालवाड़ी), 80 और 84 के शिक्षकों की लंबित मांगों और अधूरे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।
इस बैठक में नगरसेविका अर्चना निलेश पाटील ने उपआयुक्त डॉ. मिताली संचेती के साथ विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। शिक्षकों द्वारा सामने रखी गई समस्याओं में स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, रखरखाव से जुड़े मुद्दे और लंबे समय से लंबित कार्य शामिल थे। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई और संबंधित विषयों पर एक लिखित निवेदन भी सौंपा गया।
नगरसेविका अर्चना पाटील ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और शिक्षकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास और फॉलो-अप किया जाएगा। वहीं, उपआयुक्त डॉ. मिताली संचेती ने संबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभाग 27, 28 और 29 के अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। इस अवसर पर नगरसेवक ड. आदेश भगत, नगरसेविका दिपाली भगत, नगरसेवक दीपक जाधव, नगरसेविका साक्षी रमाकांत मढवी, पठाण सर, पीडब्ल्यूडी विभाग के आदित्य डावखर, स्कूल की मुख्याध्यापिका तथा बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस विधायक द्वारा भाजपा प्रदेश प्रभारी को धमकाने व अभद्र टिप्पणी कांग्रेस में बौखलाहट:हरितवाल

**चमकता राजस्थान/दौसा। (दीपक शर्मा बामनवास)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने कहा भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन अग्रवाल भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं,चार बार गोरखपुर से विधायक रह चुके हैं वर्तमान में राज्य सभा के सांसद है और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है,सचिन पायलट राष्ट्र हित की सोच रखने वाले कांग्रेस के बड़े नेता है एवं उनका सभी सम्मान करते हैं।कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है उनके सांसद,पूर्व मंत्री,विधायक,पदाधिकारी भी ऐसी ओछी अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करते जितनी दौसा विधायक डी.सी.बैरवा ने की हैं।



जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने दौसा विधायक डीसी.बैरवा पर पलट वार करते हुए कहा दौसा में प्रचंड गर्मी हो रही है पानी की बहुत बड़ी समस्या है, सड़कों की एवं चिकित्सा सेवाएँ की हालत बहुत ख़राब है,थोड़ा सा समय बचा है केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुँचाने का सहयोग करना चाहिए,दौसा विधायक डी.सी. बैरवा का इस पर तो ध्यान है नहीं और अपराधी और गुंडों की भाषा बोलकर दौसा का नाम बदनाम कर रहे हैं। उनको आपने दिए गए विवादित बयान पर माफ़ी मागनी चाहिए।

## रायसिंहनगर में युथ कांग्रेस चुनाव: दिनेश ठोलिया ने झोंकी ताकत, बोले–"हम आगे चल रहे हैं''

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर।** युथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर क्षेत्र में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में रायसिंहनगर से प्रत्याशी दिनेश ठोलिया लगातार अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं और समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए दिनेश ठोलिया ने दावा किया कि उनकी टीम लगातार सक्रिय होकर अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करवा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन के चलते वर्तमान स्थिति में वे बढ़त बनाए हुए हैं। ठोलिया ने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में यह बढ़त और मजबूत होगी। चुनाव प्रचार के दौरान ठोलिया विभिन्न वार्डों और गांवों में पहुंचकर युवाओं से संवाद कर रहे हैं और उन्हें संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दे रहे हैं। उनके समर्थकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ठोलिया ने कहा कि यदि उन्हें जिम्मेदारी मिलती है तो वे युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने और क्षेत्र में संगठन को नई दिशा देने का काम करेंगे। वहीं, चुनावी मुकाबले को लेकर क्षेत्र में अन्य दावेदार भी सक्रिय नजर आ रहे हैं, जिससे मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है।



## जन्मदिन पर अध्यापिका विजयलक्ष्मी शर्मा ने दिया अनोखा उपहार, स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर

**इस भीषण गर्मी को देखते हुए अपनी बचत में से राशि निकाल कर लाई वाटर कूलर**

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर/किशनगढ़।** राजकीय शार्दूल बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कृष्णापुरी में कार्यरत अध्यापिका विजयलक्ष्मी शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया। भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए उन्होंने अपनी निजी बचत से यह कदम उठाया, ताकि छात्राओं को ठंडा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।
''एक शिक्षक सिर्फ शिक्षा नहीं देता, बल्कि जीवन को नई दिशा देता है।''
विजयलक्ष्मी शर्मा ने इस कथन को साकार करते हुए अपने जन्मदिन को सेवा और समर्पण के रूप में मनाया।
इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय स्टाफ ने प्रार्थना सभा में उनका माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया तथा केक काटकर जन्मदिन मनाया।
कार्यक्रम के दौरान विजयलक्ष्मी शर्मा ने मां सरस्वती के चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया और कहा कि बच्चों की सुविधा एवं स्वास्थ्य उनके लिए सर्वोपरि है। उनके इस सराहनीय कार्य की विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। ''जहां शिक्षक सेवा भाव से कार्य करता है, वहां शिक्षा के साथ संस्कार भी विकसित होते हैं।''



## एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर आयोजित

चमकता राजस्थान



**बूँदी।** उप क्षेत्रीय जिला रोजगार कार्यालय बूंदी एवं राजकीय महाविद्यालय बूंदी के छात्र परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय केंपस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन राजकीय महाविद्यालय बूंदी के सेमिनार हॉल में किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि श्री पीसी मीणा प्राचार्य, जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बूंदी तथा अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनीता यादव ने की। शिविर का शुभारम्भ मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिविर में उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं सभी प्लेसमेंट एजेंसियों के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया। छात्र परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ दिलीप राठौड़ ने स्वागत उदबोधन तथा शिविर का संक्षिप्त विवरण जिला रोजगार अधिकारी भेरूलाल नागर ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनीता यादव ने सभी आशार्थियो को प्लेसमेंट शिविर में अपनी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। विशिष्ट अधिकारी पीसी मीणा ने आईटीआई में संचालित विभिन्न कौशल कार्यक्रमों, प्रशिक्षण तथा पीएम इंटर्नशिप योजना के बारे में आशार्थियों को विस्तार से बताया।

## गायत्री परिवार ने देसूरी तहसील की प्रतिभाओं का किया सम्मान

चमकता राजस्थान



**नाडोल (पाली) मोहन भटनागर।** महात्मागांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अखिल विश्व गायत्री परिवार और देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे देसूरी तहसील के सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों हेतु हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में आयोजित की गई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की ज़िला मेरिट व तहसील स्तरीय मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को महात्मागांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाडोल के प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किए गए समारोह में नगद पुरस्कार, गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य रचित सदसाहित्य और मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अध्यापक जोरसिंह चौहान, राजेश वैष्णव, समाजसेवी भुराराम चौधरी इसके साथ ही शिक्षाविदों, समाजसेवियों और अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न प्रसंगों और कथानकों के माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त जीवन जीने और सफल व्यक्ति के साथ ही एक समाजोपयोगी श्रेष्ठ व्यक्ति बनने के गुर सिखाते हुए ऐसा बनने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रहलाद भाटी, मुकेश गुर्जर, मुकेश कुमार और गायत्री परिवार के विनोद पुरोहित, राजकुमार कर्मचंदानी और भगाराम गुर्जर का सराहनीय योगदान रहा।

रिटेल नेटवर्क और 'टीरा' के जरिए होगा विस्तार

# रिलायंस रीटेल ने किया प्रियंका चोपड़ा के ब्रांड एनोमली का अधिग्रहण

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** रिलायंस रीटेल लिमिटेड ने प्रियंका चोपड़ा जोनस के हेयरकेयर ब्रांड एनोमली का अधिग्रहण कर लिया है। इस सौदे में ब्रांड के ट्रेडमार्क, ब्रांड से जुड़ी चीजें और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इससे रिलायंस रीटेल लिमिटेड के ब्यूटी कारोबार को मजबूती मिलेगी। एनोमली की शुरुआत 2021 में हुई थी। यह एक साफ, वीगन और अच्छी क्वालिटी वाला हेयरकेयर ब्रांड है, जो किफायती दाम में मिलता है। यह पहले से ही कई बड़े देशों में बेचा जा रहा है। इस खरीद के बाद रिलायंस रीटेल लिमिटेड के पास इस ब्रांड का पूरा अधिकार होगा। अब कंपनी अपने बड़े रिटेल नेटवर्क और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, जैसे 'टीरा', के जरिए एनोमली को तेजी से आगे बढ़ाएगी। कंपनी का लक्ष्य ब्यूटी और पर्सनल केयर क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करना है। ईशा अंबानी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलायंस रीटेल वेंचर्स लिमिटेड ने इस सौदे पर कहा, ''एनोमाली को हमारे पोर्टफोलियो में शामिल करना नए जमाने के ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनोमाली की मजबूत वैश्विक पहचान, क्लीन फॉर्मुलेशन और किफायती कीमत इसे बेहतरीन बनाते हैं। हमें विश्वास है कि प्रियंका के साथ मिलकर हम भारत में इस ब्रांड को तेजी से बढ़ा सकते हैं और साथ ही इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार को भी मजबूत कर सकते हैं।'' रिलायंस रिटेल लिमिटेड अब भारत पर ज्यादा ध्यान देगा और एनोमली की पहुंच बढ़ाएगा। भारतीय बाल और सिर की त्वचा (स्कैल्प) के हिसाब से नए उत्पाद बनाए जाएंगे। साथ ही यह ब्रांड अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और मध्य पूर्व जैसे बाजारों में भी आगे बढ़ेगा। प्रियंका चोपड़ा जोनस ब्रांड में क्रिएटिव डायरेक्टर बनी रहेंगी और नए प्रोडक्ट व आइडिया पर काम करेंगी।
उन्होंने कहा, ''यह एनोमाली के लिए एक अहम क्षण है। जो एक व्यक्तिगत यात्रा के रूप में शुरू हुआ था, वह अब एक उद्देश्यपूर्ण और वैश्विक महत्वाकांक्षा वाला ब्रांड बन चुका है, और रिलायंस रिटेल का यह अधिग्रहण एक नए और रोमांचक अध्याय की शुरुआत है। उनका व्यापक नेटवर्क और रिटेल अनुभव हमें भारत और दुनिया भर में अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने में मदद करेगा। मैं खासतौर पर ईशा अंबानी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में मैं ब्रांड के विकास में सक्रिय रूप से जुड़ी रहूंगी''
रिलायंस रीटेल लिमिटेड नए और तेजी से बढ़ने वाले ब्यूटी ब्रांड्स पर ध्यान दे रही है। कंपनी अपने अनुभव, बड़े नेटवर्क और ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों तरीकों से एनोमली को भारत और दुनिया में आगे बढ़ाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से लाखों की संपत्ति जल कर खाक

**सुपौल।** जिले के सिमराही नगर पंचायत वार्ड संख्या 7 स्थित करजाइन रोड छोटी मस्जिद के सटे सिकंदर शृंगार महल दुकान के गोदाम में बिजली शोर्ट सर्किट से दोपहर दिन आग लगने की खबर जैसे ही आस पास के लोगों को मिली तो सभी आग पर काबू करने मै जुट गए जिससे आग पर काबू पाया जा सका। जहां करीब दो लाख रुपए की समान जलकर खाक हो गया। दुकानदार मोहम्मद वशिम ने बताया कि बिजली शोर्ट सर्किट से अचानक आग लग गया जिससे गोदाम में रखें करीब दो लाख रुपए की समान जलकर राख हो गया। वही वार्ड पार्षद विनय भगत, रिंकू भगत ने कहा कि एक अग्निशमन की गाड़ी का होना अतिआवश्यक है जिससे जल्दी में आग पर काबू पाया जा सके। आगे कहा अग्निशमन को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन को गुहार लगाई गई है। मगर प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। वही अग्निशमन को लेकर दर्जनों लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

### टीन शेड की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत



**सारण।** गौरा थाना क्षेत्र के सिसवा गांव में बीती रात कुदरत का कहर देखने को मिला। अचानक आई तेज आंधी और बारिश के दौरान एक हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जान चली गई। मृतिका सिसवा गांव निवासी स्वर्गीय दशरथ शर्मा की पत्नी सुखरी देवी है। जानकारी के अनुसार रात में आए भीषण तूफान के कारण ग्रामीण कामेश्वर शर्मा के घर का टीन शेड उखड़कर सुखरी देवी के दरवाजे पर जा गिरा। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। स्थानीय लोग आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कागजी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### बिहार के खगड़िया में ट्रक के ऑटो पर पलटने से सीआईएसएफ जवान समेत तीन की मौत

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार सुबह गिट्टी से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया। इस हादसे में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जवान, उनकी पत्नी समेत तीन लोगों की दबकर मौत हो गई।पुलिस के अनुसार हादसा महेशखूंट थाना क्षेत्र के गौछारी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-31 पर हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान मालिया गांव निवासी सीआईएसएफ जवान विपिन चौरसिया, उनकी पत्नी दीपमाला चौरसिया और ऑटो ड्राइवर टंकेश मुनि (32) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक बिपिन चौरसिया छुट्टी पर पत्नी दीपमाला चौरसिया के साथ घर आए हुए थे। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे वे स्टेशन जाने के लिए निकले थे ताकि ड्यूटी पर लौट सकें। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ट्रक के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और प्रशासन को राहत और मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि दोषी ट्रक चालक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तेज आंधी में पेड़ गिरने से कच्चा मकान ढहा, सुपौल में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**सुपौल।** जिले के करजाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वायसी पंचायत के वार्ड संख्या 12 में बीती रात तेज आंधी और बारिश के कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया। आंधी के दौरान एक विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर सीधे एक कच्चे मकान पर गिर पड़ा। उस समय घर के अंदर मौजूद 55 वर्षीय गुनेश्वर यादव मलबे में दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बताया जाता है कि मृतक गुनेश्वर यादव दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और वही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुटे और प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। लोगों का कहना है कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, ऐसे में सरकारी सहायता बेहद जरूरी है। इस मामले में राघोपुर प्रखंड के विकास पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार यादव ने कहा कि घटना की जांच कराई जाएगी।

### एसआईआर को मुद्दा बनाकर चुनाव नहीं जीता जा सकता : दिलीप घोष



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पहले और दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। दोनों चरणों में मतदान प्रतिशत रिकॉर्ड स्तर पर रहा। मतगणना चार मई को होगी। इस बीच भारतीय जनता पार्टी नेता और खड़गपुर सदर सीट से पार्टी के उम्मीदवार दिलीप घोष ने कहा कि एसआईआर को मुद्दा बनाकर कोई भी चुनाव नहीं जीत सकता। गुरुवार सुबह पत्रकारों से बातचीत में दिलीप घोष ने कहा, 'यह बिल्कुल क्रिकेट के पहले और दूसरे इनिंग्स की तरह है। जीतने वाली टीम दोनों इनिंग्स में अच्छा प्रदर्शन करती है। पहले चरण में जो हुआ, दूसरे चरण में भी उसी की निरंतरता देखने को मिली। कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में मतदान प्रतिशत ऐतिहासिक रहा।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने पहले ही कहा था कि ज्ञानेश कुमार ने दो चरणों में चुनाव कराने की बड़ी चुनौती उठाई थी। जनता के सहयोग, प्रशासन, पुलिस और चुनाव आयोग के सामूहिक प्रयास से मतदान बहुत अच्छे तरीके से संपन्न हुआ। ममता बनर्जी ने कई रैलियां कीं, लेकिन उनका एक ही मुद्दा था–एसआईआर। एसआईआर को मुद्दा बनाकर कोई भी चुनाव नहीं जीत सकता।'

### सड़क दुघर्टना में तीन युवक घायल

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के दोगच्छी में हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना बीते देर रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दो मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने आगे चल रहे ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। दो बाइक पर सवार चार युवक किसी तिलक समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान दोगच्छी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों की पहचान त्रिपुरारी कुमार, हरियो (अकबरनगर निवासी, स्व. प्रमोद रॉय के पुत्र), मंगल कुमार, रविशंकर सहित एक अन्य युवक के रूप में हुई है।

## सीवान नगर थाना क्षेत्र के सनसनीखेज गोलीकांड में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# आठ घंटे में आरोपी गिरफ्तार, मुठभेड़ में लगी गोली

एजेंसी

**सीवान।** सीवान नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला के समीप हुए सनसनीखेज गोलीकांड में पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए महज 08 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें आरोपी के दोनों पैरों के घुटनों में गोली लग गई। घायल आरोपी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम एक मामूली सड़क दुर्घटना के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसमें भाजपा नेता के भगिना हर्ष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चंदन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा हरकत में आ गया। एसपी पूरन कुमार झा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार समेत कई थानों की पुलिस को लगाया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें एक संदिग्ध वाहन की पहचान हुई। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा निवासी हीरा चौधरी के पुत्र छोटू कुमार यादव को चिन्हित किया। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की गई।

पुलिस के अनुसार, दबिश के दौरान आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए उसके दोनों घुटनों में गोली मार दी। घायल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक के मुताबिक आरोपी के दोनों घुटनों में गोली आर-पार हो गई थी।हालांकि इस मुठभेड़ को लेकर आधिकारिक बयान अभी सामने नहीं आया है, क्योंकि एसपी से संपर्क नहीं हो सका। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई आरोपी को पकड़ने के दौरान आत्मरक्षा में की गई।फिलहाल पुलिस अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। इस त्वरित कार्रवाई से पुलिस ने अपराधियों को सख्त संदेश देने की कोशिश की है।

# भीषण आंधी-ओलावृष्टि ने मचाई तबाही मक्का फसल तबाह, सैकड़ों पेड़ उखड़े

एजेंसी

**सुपौल।** जिले में बुधवार शाम करीब 6 बजे आए तेज आंधी-तूफान, धूलभरी हवाओं और ओलावृष्टि ने राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। गुरुवार सुबह जब लोग घरों से बाहर निकले तो चारों ओर नुकसान का भयावह दृश्य देखने को मिला। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए, बिजली के तार टूट गए और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।

बिजली व्यवस्था चरमराई, मरम्मत कार्य जारीआंधी के कारण जगह-जगह पेड़ गिरने से बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कई इलाकों में रातभर अंधेरा पसरा रहा। बिजली विभाग की टीमें रात से ही मरम्मत कार्य में जुटी हैं और आपूर्ति बहाल करने का प्रयास जारी है। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। विशेषकर मक्का की खेती को



### प्रशासन सक्रिय, मुआवजे का आश्वासन

प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार यादव और आरओ सह प्रभारी सीओ आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रभावित लोगों को नियमानुसार सहायता दी जाएगी।वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी मयंक झा ने बताया कि फसल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। कुल मिलाकर इस आंधी-ओलावृष्टि ने राघोपुर प्रखंड में जनजीवन, कृषि और व्यापार को गहरा झटका दिया है। लोग अब धीरे-धीरे हालात को सामान्य करने में जुटे हैं, जबकि प्रशासन राहत और पुनर्वास कार्य में लगा हुआ है।

भारी नुकसान पहुंचा है। राम विशनपुर पंचायत के दही पौड़ी वार्ड संख्या 2 के किसानों– फूलन यादव, राजकुमार यादव, शनिचर यादव, महिन्द्र यादव, मेहश्वरी यादव, बाबू नंद यादव और अनंदी यादव–ने बताया कि करीब 80 बीघा में लगी मक्का फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई।

किसानों के अनुसार, दो से तीन महीने की मेहनत और लाखों रुपये की लागत इस आंधी में मिट्टी में मिल गई। मोतीपुर, नरहा, बेरदह, हुलास, हरिपुर, करजाइन, वायसी और देवीपुर सहित कई गांवों में हजारों हेक्टेयर में फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

पेड़ गिरने से सड़कें बाधित, जलजमाव से बढ़ी परेशानीतेज आंधी के कारण सैकड़ों पेड़ टूटकर गिर गए, जिससे कई ग्रामीण सड़कें और बाइपास मार्ग बाधित हो गए। वहीं एनएच-27 सिमराही मेन बाजार में निर्माणाधीन सर्विस रोड के कारण जलजमाव की समस्या और गंभीर हो गई है। दुकानों के सामने पानी भर जाने से व्यापार प्रभावित हो रहा है और लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सिमराही नगर पंचायत वार्ड 14 के पिपराही मार्ग में अरविंद चौधरी उर्फ मुन्ना के टाइल्स-मार्बल स्टोर रूम पर पेड़ गिरने से लाखों रुपये के टाइल्स की क्षति हुई है। वहीं प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ों घरों के छप्पर उड़ गए और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

## रंगदारी मामले में कुख्यात टिब्बा और उसका सहयोगी गिरफ्तार



एजेंसी

**भागलपुर।** व्यवसायी से रंगदारी मांगने वाले घोघा थाना क्षेत्र का कुख्यात चंद्रभानू उर्फ टिब्बा मंडल और उसके सहयोगी अकबाली यादव को पुलिस ने धर दबोचा है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को पंकज कुमार कहलगांव एसडीपीओ ने दी। उन्होंने बताया जा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के निर्देशन में गठित टीम ने कांड के प्राथमिक अभियुक्त अकबाली यादव पिता गोरेलाल यादव को एकचारी दियरा के उसयारी बासा से गिरफ्तार किया और अकबाली के निशानदेही पर बड़ी मोहनपुर ख्वासपुर एकचारी दियरा स्थित जटाधारी बाबा मंदिर के समीप से चंद्रभानू उर्फ टिब्बा मंडल को से गिरफ्तार किया। टिब्बा के खिलाफ बीते 29 दिसंबर 2025 को पन्नूचक निवासी स्व जगदीस साह के पुत्र संजीव गुप्ता ने रंगदारी मांगने को लेकर घोघा थाना में मामला दर्ज कराया था। जिसको लेकर यह कार्यवाही की गई है।

गिरफ्तार टिब्भा मंडल के खिलाफ घोघा, कहलगांव, अंतीचक और एकचारी में अलग अलग कांडो के कुल चौदह मामले दर्ज है। छः माह पूर्व वह जमानत पर जेल से आया है। जेल से आने के बाद बीते 30 दिसंबर को घोघा थाना क्षेत्र पन्नूचक ईंट व्यवसायी के यहां रंगदारी मांगने के दौरान हुई गोलीबारी में टिब्बा गंभीर रूप से घायल हो गया था जो लंबी उपचार के बाद ठीक हुआ।

## खड़गपुर मंडल में सेवानिवृत्त रेल अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान

एजेंसी

**खड़गपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल में गुरुवार को सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साउथ इंस्टिट्यूट, खड़गपुर के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें वरिष्ठ रेल अधिकारी, कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

समारोह के दौरान विभिन्न विभागों–सामान्य प्रशासन, वाणिज्य, विद्युत, इंजीनियरिंग, यांत्रिक, चिकित्सा, परिचालन, सुरक्षा तथा सिग्नल और दूरसंचार–से जुड़े कुल 49 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश, सेटलमेंट से संबंधित आवश्यक दस्तावेज तथा स्मृति-चिह्न प्रदान



कर सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ललित मोहन पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति-चिह्न और दस्तावेज प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण और निष्ठा से ही भारतीय रेल का संचालन सुचारु रूप से संभव हो पाता है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और समर्थन से कर्मचारी लंबे समय तक पूरी निष्ठा के साथ रेलवे की सेवा कर सके।

समारोह की एक विशेष बात यह भी रही कि एडीआरएम (इन्फ्रास्ट्रक्चर) देबजीत दास भी इसी दिन सेवा से सेवानिवृत्त हुए। मंडल में आधारभूत ढांचे के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान की उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहना की। समारोह के अंत में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की कामना की गई।

### वज्रपात से दो श्रमिकों की मृत्यु, एक गंभीर रूप से घायल

**घाटाल।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चन्द्रकोणा नगर में गुरुवार दोपहर वज्रपात की घटना में दो श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों के नाम साहाबुद्दीन मंडल (55) और लिटन मंडल (37) है। दोनों माधवपुर इलाके के निवासी बताए गए हैं। इस घटना में काजल मलिक नामक एक अन्य श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, चंद्रकोणा नगर के तीन नंबर वार्ड के माधवपुर इलाके में तीन श्रमिक पेड़ काटने का काम कर रहे थे। उसी दौरान अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हुआ। वज्रपात की चपेट में आने से दो श्रमिकों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तुरंत चंद्रकोणा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने साहाबुद्दीन और लिटन को मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## दूसरे चरण के बाद 77 बूथों पर पुनर्मतदान की मांग

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होते ही कई बूथों पर पुनर्मतदान की मांग उठी है। चार विधानसभा क्षेत्रों के कुल 77 बूथों पर पुनर्मतदान के लिए चुनाव आयोग से आवेदन किया गया है। हालांकि, अंतिम निर्णय स्क्रूटिनी के बाद लिया जाएगा।

इस स्क्रूटिनी की जिम्मेदारी विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को सौंपी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उन्हें फोन कर यह निर्देश दिया।

बताया गया है कि जिन चार विधानसभा क्षेत्रों से पुनर्मतदान की मांग उठी है, वे सभी दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित हैं। इनमें से तीन क्षेत्र डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के अंतर्गत आते हैं, जिसका प्रतिनिधित्व तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी करते हैं।

विशेष सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि चुनाव आयोग ने

**● स्क्रूटिनी की जिम्मेदारी विशेष पर्यवेक्षक को**

संबंधित उम्मीदवारों के आवेदनों के आधार पर स्क्रूटिनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। सुब्रत गुप्ता को फलता, मगराहट और सोनारपुर क्षेत्रों में स्क्रूटिनी के दौरान मौजूद रहने को कहा गया है। निर्देश मिलने के बाद वह डायमंड हार्बर पहुंच गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अनुसार, जिन 77 बूथों पर पुनर्मतदान की मांग की गई है, उनमें फलता विधानसभा के 32 बूथ, डायमंड हार्बर के 29 बूथ, बजबज के 3 बूथ और मगराहट पूर्व विधानसभा के 13 बूथ शामिल हैं। इनमें फलता, डायमंड हार्बर और बजबज क्षेत्र डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के अंतर्गत आते हैं, जबकि मगराहट पूर्व जयनगर लोकसभा क्षेत्र में आता है।

## सनकी पति ने धारधार हथियार से की पत्नी की हत्या, आरोपी पति फरार

एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां गांव में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पत्नी के चरित्र पर शक के कारण सनकी पति ने अपनी ही पत्नी की गीज्जर (बरछी) से गोदकर हत्या कर दी।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मृतका की पहचान बबीता कुमारी के रूप में हुई है,जबकि आरोपी पति रवि मांझी बताया जा रहा है। दोनों की शादी करीब 25 वर्ष पहले हुई थी और उनके सात बच्चे हैं। स्वजनों के अनुसार,पति रवि मांझी अपनी पत्नी पर अक्सर बेवजह शक करता था,जिसे लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई।

विवाद बढ़ने पर आरोपी ने आपा खो दिया और पत्नी पर गीज्जर (बरछी) से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने हुई। गंभीर रूप से घायल बबीता कुमारी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कौआकोल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और सातों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। कौआकोल पुलिस के अनुसार हत्यारा पति पूर्व से आपराधिक किस्म का व्यक्ति रहा है। उसके विरुद्ध कौआकोल थाना सहित कई अन्य थाना में पूर्व से कई मामले दर्ज है। घटना के बाद मृतक की माता ने कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# कांग्रेस पार्टी का विरोध प्रदर्शन, गृहमंत्री अमित शाह व सीएम सम्राट चौधरी का पुतला किया दहन

एजेंसी

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में गुरूवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने सदाकत आश्रम के मुख्य गेट के सामने भाजपा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेस कार्यकताओं ने देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि दिल्ली में पांडव कुमार की हत्या केवल इसलिए कर दी गई क्योंकि वह बिहारी था। यह घटना न केवल एक युवक की हत्या है बल्कि पूरे बिहार की अस्मिता और सम्मान पर हमला है। बिहारी होना हमारी पहचान और स्वाभिमान से जुड़ा विषय है, जिसे किसी भी कीमत पर



अपमानित नहीं होने दिया जाएगा। क्या भाजपा के शासन काल में बिहारी होना गुनाह हो गया है?

उन्होंने कहा कि राजधानी पटना में 10 वर्षीय बच्ची को न्याय दिलाने के लिए पटना साहिब विधानसभा के कांग्रेस उम्मीदवार शशांत शेखर और अन्य सामाजिक कार्यकताओं द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा था, लेकिन पुलिस ने राजनीतिक दबाव में आकर उन पर प्राथमिकी दर्ज कर दमनकारी कार्रवाई की है। यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है।

राजेश राम ने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनते ही अपराधियों का मनोबल इस कदर हावी है कि सरकारी कार्यालय में घुसकर हत्या की घटना को अंजाम दे देते हैं। कोई रोड रेज में भाजपा के ही नेता के परिजनों पर गोलियां उतार देते हैं। लेकिन राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में पूरी तरीके से पंगु बनी हुई है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने सरकार से मांग की कि पांडव कुमार की हत्या की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए और रोशनी को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठा रहे लोगों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए। विरोध प्रदर्शन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव पूनम पासवान, कांग्रेस विधान मंडल दल के पूर्व नेता डा शकील अहमद खान, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# हम सब फिर से बुमराह के नाम का गाना गाएंगे: पोलार्ड

**मुंबई (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह के लिए आईपीएल 2026 बेहद निराशाजनक साबित हुआ है। उन्हें विकेट नहीं मिल रहे, साथ ही उनकी गेंदों पर रन भी बन रहे हैं। गुरुवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेला गया। जसप्रीत बुमराह के रहते मुंबई इंडियंस वानखेड़े में 243 रन का बचाव नहीं कर सकी। बुमराह ने अपने 4 ओवर के स्पेल में बिना कोई विकेट लिए 54 रन दिए। आईपीएल करियर में बुमराह का यह तीसरा सबसे महंगा स्पेल था। मुंबई की लगातार असफलता में बुमराह की असफलता भी एक कारण है। इस वजह से उनकी आलोचना हो रही है। आलोचनाओं के बीच इस सुपरस्टार गेंदबाज को अपनी टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड का समर्थन मिला है।

बुमराह के फॉर्म से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए पोलार्ड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम बदकिस्मत हैं, आप जानते हैं, कि हम हमेशा लोगों की नजरों में रहते हैं। इसलिए जब हम बुरा करते हैं, तो उसे हमेशा हाईलाइट किया जाता है। लेकिन जब आम लोगों के पास नौकरी होती है और वे गलत ईमेल भेजते हैं, तो उनके पास शब्दों को एडिट करने और इन सब चीजों का मौका होता है। हमारे पास मौका नहीं है। इसलिए जब आप अच्छा नहीं कर रहे होते हैं, तो यह सही और ठीक है, आप कुछ चीजों को मान लेते हैं। और उस इंसान को जानने के बाद, मुझे पता है कि वह और भी ज्यादा ऊंचाइयों के साथ वापसी करेगा और विकेट लेगा।'

उन्होंने कहा, 'हम सब, फिर से, 'बुमराह, बुमराह' गाने वाले हैं, न सिर्फ मुंबई इंडियंस के लिए, बल्कि इंडिया के लिए भी। तो, फिर से, उसे थोड़ी मोहलत देते हैं।' पोलार्ड ने मुंबई के प्रदर्शन पर कहा, 'प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। यह कुछ ऐसा है जिससे आप पीछे नहीं हट सकते। आप बैठकर इसकी हर छोटी-छोटी बात को समझने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन, फिर से, सब मिलाकर, मुझे लगता है कि हम उतने अच्छे नहीं रहे हैं। टीम ने भरोसा नहीं खोया है और बाकी टूर्नामेंट में चीजों को बदलने के लिए पक्का इरादा रखती है।' पोलार्ड ने कहा, 'दो टीमें खेलती हैं। आप कभी जीतते हैं, कभी हारते हैं। हम हारने वाली साइड में रहे हैं। हमने यह मान लिया है। हमने इस टूर्नामेंट में हार नहीं मानी है क्योंकि हम इससे बाहर नहीं हुए हैं। हम अभी भी वापस जाकर देखना चाहते हैं कि हम टूर्नामेंट में कितना आगे बढ़ सकते हैं।'




## हेनरिक क्लासेन से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए पूछे साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने आईपीएल में बुधवार मुंबई इंडियंस के खिलाफ 65 रन की विस्फोटक पारी खेलने वाले एसआरएच के 34 वर्ष के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन की जमकर प्रशंसा की है। पीटरसन ने कहा है कि साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड को क्लासेन से 2027 में होने वाले वनडे विश्व वर्ल्ड कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होने के लिए कहना चाहिए। पीटरसन ने एक्स पर लिखा, 'साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड की तरफ से हेनरिक क्लासेन को फोन करके पूछा जाना चाहिए कि क्या वह इंटरनेशनल क्रिकेट में वापस आ सकते हैं। वह अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप को जीतने में उनके लिए अहम खिलाड़ी बन सकते हैं।' बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया था। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रयान रिकेल्टन के सिर्फ 55 गेंदों पर बनाए नाबाद 123 रन की मदद से 5 विकेट पर 243 रन बनाए थे। एसआरएच ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 249 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।

एसआरएच के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने तूफानी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 129 रन जोड़े। अभिषेक ने 24 गेंदों पर 45 और हेड ने 30 गेंदों पर 76 रन बनाए। एसआरएच को जीत तक ले जाने में क्लासेन का अहम योगदान रहा। क्लासेन ने 30 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए। जीत के बाद क्लासेन ने कहा, 'टीम के लिए योगदान देना अच्छा है। यह हमारे लिए एक शानदार जीत है और उम्मीद है कि हम इसे अपने घर पर दोहरा पाएंगे।' आईपीएल 2026 में हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं।

## चैंपियंसलीग सेमीफाइनल के पहले लेग में एटलेटिको-आर्सनल का मैच ड्रा



**आर्सेनल।** चैंपियंस लीग (ष्टरु) के पहले सेमीफाइनल में बुधवार रात एटलेटिको मैड्रिड और आर्सनल का मैच 1-1 से बराबर रहा। मेट्रोपॉलिटानो स्टेडियम में खेले गए मैच में दोनों गोल पेनल्टी से आए। विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सनल को बढ़त दिलाई। जूलियन अल्वारेज ने एटलेटिको के लिए बराबरी की। अब दोनों टीमों की नजरें अगले मंगलवार लंदन में होने वाले दूसरे लेग पर हैं। जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी।

मैच के 44वें मिनट में विक्टर ग्योकेरेस को बॉक्स में गिराया गया और आर्सनल को पेनल्टी मिली। ग्योकेरेस ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे किया।

56वें मिनट में मार्कोस लोरेंटे के शॉट पर बेन व्हाइट के हैंडबॉल के बाद (वीडियो असिस्टेंट रेफरी) रिव्यू से एटलेटिको को पेनल्टी मिली। जूलियन अल्वारेज ने गोल कर बराबरी की। 78वें मिनट में आर्सनल को एक और पेनल्टी मिली थी, लेकिन रिव्यू के बाद फैसला बदल दिया गया।

आर्सनल के कोच मिकेल अर्टेटा ने कहा कि इस मैदान पर खेलना आसान नहीं है और कई बड़ी टीमें यहां संघर्ष कर चुकी हैं। उन्होंने कहा,'हमें कई मौकों पर दबाव झेलना पड़ा, लेकिन हम एक शानदार स्थिति में हैं।

चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में होना गर्व की बात है। अब दूसरा लेग हमारे फैंस के सामने (लंदन में) होगा और मैच हमारे हाथ में है।' इसी सीजन के लीग फेज में आर्सनल ने एटलेटिको को अपने घर में 4-0 से हराया था।

### जूलियन अल्वारेज़ इंजरी के चलते बाहर हुए

एटलेटिको के पास मैच जीतने के कई मौके थे। 63वें मिनट में एंटोनी ग्रीज़मैन का शॉट पोल से टकराया। एडमोला लुकमैन भी करीब से मौका चूक गए। ग्रीज़मैन को इस मैच में 'मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर' चुना गया। वे इस समर में स्रूस्र क्लब ऑरलैंडो सिटी जॉइन करने वाले हैं। आर्सनल 2006 में आखिरी बार चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा था, जहां उसे बार्सिलोना से हार मिली थी। एटलेटिको मैड्रिड 2016 में आखिरी बार फाइनल में पहुंचा था और रियल मैड्रिड से हार गया था। दोनों क्लबों ने अब तक चैंपियंस लीग नहीं जीती है। दूसरे लेग का विजेता फाइनल में बायर्न म्यूनिख से भिड़ेगा।

# रियान पर 'वेपिंग' के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया

### डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया

**नई दिल्ली ।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते दिखे थे। गुरुवार को आईपीएल की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पराग ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 को तोड़ने की बात मान ली है, जिसमें 'ऐसा व्यवहार जिससे खेल की बदनामी हो' शामिल है। आईपीएल की ओर से बयान में आगे कहा गया, 'यह घटना पंजाब किंग्स-आरआर मैच के दौरान आरआर की बल्लेबाजी के दौरान हुई। रियान को ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते देखा गया था। रियान ने गलती मान ली और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा लगाई गई सजा को मान लिया।'

ऐसा माना जाता है कि पराग के वेप इस्तेमाल करने के विजुअल अधिकारियों के ध्यान में आने के बाद, ऑन-फील्ड अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच रेफरी शर्मा को मामले की जानकारी दी। आईपीएल के कोड में वेपिंग का साफ तौर पर जिक्र नहीं है, लेकिन ड्रेसिंग रूम और खिलाड़ियों के जगह पर डेकोरम बनाए रखने पर जोर दिया गया है।



बयान में यह भी कहा गया है कि आरआर पर सख्त एक्शन लेने की भी तैयारी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) गलती करने वाली टीम, उसके अधिकारियों और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के लिए दूसरे विकल्प भी देख रहा है ताकि आईपीएल की प्रतिष्ठा बनी रहे।

आईपीएल के आर्टिकल 2.21 का मकसद ऐसे सभी तरह के कामों को देखना है जिनसे खेल की बदनामी होती है।

## मार्टा कोस्त्युक ने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मैड्रिड ।** मार्टा कोस्त्युक ने चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ 7-6(1), 6-0 से जीत हासिल करते हुए अपने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेनी खिलाड़ी अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में जगह बनाने के लिए लकी लूजर अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी। कोस्त्युक डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर पोटापोवा के खिलाफ 2-2 से बराबर हैं, लेकिन उन्होंने अपने पिछले दो मैच सीधे सेटों में जीते हैं, जिसमें पिछले साल मैड्रिड में उनका सबसे हालिया मैच भी शामिल है। दूसरे सेमीफाइनल में मीरा एंड्रीवा और हैली बैप्टिस्ट का मुकाबला होगा। पहले सेट में कुल मिलाकर आठ सर्व ब्रेक हुए। दोनों खिलाड़ियों को मनोलो सैंटाना स्टेडियम के ठंडे तापमान में सर्व पर संघर्ष करते देखा गया। कोस्त्युक ने ब्रेकर में शानदार खेल दिखाया और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



## मुरलीधरन बोले-IPL में 'बिग बिजनेस' का खेल

### फेयर मुकाबले नहीं, मनोरंजन जरूरी

**मुंबई (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के चीफ कोच मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि गेंदबाजों को मान लेना चाहिए कि उन्हें मार पड़ेगी। उनके अनुसार खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुक चुका है, इसलिए गेंदबाजों को इस स्थिति के साथ खुद को ढालना होगा। उन्होंने बुधवार को मुंबई में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में ढ्क्क में बल्ले और गेंद के संतुलन पर पूछे गए सवाल पर कहा कि यह टूर्नामेंट दर्शकों के मनोरंजन और स्पॉन्सरशिप के बिजनेस पर टिका है।



उन्होंने कहा,'अगर हम बॉलिंग फ्रेंडली विकेट देंगे, तो दर्शक इसे बोरिंग कहेंगे। लोग चौके-छक्के देखना चाहते हैं, इसीलिए 'इम्पैक्ट प्लेयर' जैसे नियम लाए गए हैं। अगर खेल से मनोरंजन खत्म हुआ तो स्पॉन्सर्स और लोगों की दिलचस्पी कम हो जाएगी। फिलहाल बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहेगा, गेंदबाजों को खुद को अपडेट करने में समय लगेगा।' हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में 244 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। इस सीजन में ऐसे बड़े रन चेज पहले भी हुए हैं। पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में 265 रन का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं हैदराबाद ने जयपुर में 229 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुरलीधरन ने खेल के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने कहा,'आजकल एक गेंदबाज के लिए परफॉर्म करना बहुत मुश्किल है। जब हम खेलते थे, तब पावरप्ले के 6 ओवरों में 40 से 50 रन को अच्छा स्कोर माना जाता था, लेकिन अब यह औसत 70 से 80 रन तक पहुंच गया है। अब हर टीम के पास ऐसे ओपनर्स हैं जो सिर्फ अटैक करना जानते हैं। उन्हें इस बात की परवाह नहीं होती कि गेंद अंदर आ रही है या बाहर।'

### 23 साल के सलील ने बुमराह को जड़ा नो लुक सिक्स

युवा बल्लेबाजों के निडर रवैये का उदाहरण देते हुए मुरलीधरन ने अनकैप्ड खिलाड़ी सलिल अरोड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा,'जसप्रीत बुमराह जैसा दिग्गज गेंदबाज भी अब छक्के खा रहा है। जब 23 साल का नया लड़का सलिल, बुमराह को 'नो-लुक सिक्स' मारता है, तो यह अविश्वसनीय है। पहले युवा सोचते थे कि बुमराह के सामने टिकना कैसे है, अब वे सोचते हैं कि उन्हें छक्का कैसे मारना है। मॉडर्न गेम के साथ कॉन्फिडेंस लेवल बहुत बढ़ गया है।'

## 18वें सीजन में बना रिकॉर्ड टूटा

# आईपीएल 2026 में बना नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाजी ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जहां पहली पारी में बना बड़े से बड़ा स्कोर भी सुरक्षित नहीं रह गया है। आईपीएल 2026 में तो 200 या उससे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का नया रिकॉर्ड बन गया है। आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। एमआई पहली पारी में 243 रन बनाकर भी हार गई। इसके पहले अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 264 रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। ये दो मैच बस उदाहरण हैं। आईपीएल 2026 में ऐसा 10 बार हुआ है जब दूसरी पारी में 200 या उससे ज्यादा का लक्ष्य हासिल करते हुए टीमों ने जीत हासिल की है। यह आईपीएल का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले किसी भी सीजन में 10 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल नहीं हुआ था। आईपीएल 2026 का लगभग आधा सीजन बाकी है। ऐसे में 200 या उससे बड़े लक्ष्य को हासिल करने वाली संख्या बढ़ती सकती है। पुराना रिकॉर्ड 18वें सीजन (आईपीएल 2025) में बना था, जब टीमों ने 9 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया था।



आईपीएल 2026 में 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल करने वाली टीमों में आरसीबी (2 बार), मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स (3 बार), राजस्थान रॉयल्स (2 बार), और एसआरएच (2 बार) का नाम शामिल है।

आईपीएल में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है। पंजाब ने इसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 का लक्ष्य हासिल किया है, जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। दूसरे नंबर पर भी पंजाब ही है।

# आईपीएल 2026: शतक जीत की गारंटी नहीं

### 5 बल्लेबाजों की शतकीय पारी के बाद भी टीम हारी

**नई दिल्ली ।** टी20 में शतक लगाना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। किसी बल्लेबाज ने अगर टी20 मुकाबले में शतक लगा दिया, तो उसकी टीम की जीत सुनिश्चित मानी जाती है, लेकिन आईपीएल 2026 में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इस सीजन में शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की टीमें जीती हैं, लेकिन ऐसे बल्लेबाजों की संख्या ज्यादा है जिनके शतक उनकी टीम को जीत नहीं दिला सके। आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल तक 41 मैच खेले गए। इन 41 मैचों में 9 शतकीय पारियां आई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने 2, सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 1, मुंबई इंडियंस के तीन बल्लेबाजों तिलक वर्मा, क्विंटन डिकॉक और रयान रिकल्टन ने 1-1, दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल ने 1, गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 1 और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने 1 शतक लगाया है। कुल 9 शतकों में सिर्फ 4 बार ही ऐसा हुआ है जब टीमें जीती हैं। 5 बार शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की टीम हारी है।

सीएसके के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने सीजन में 2 शतक (दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस) लगाए हैं। दोनों मैचों में सीएसके को जीत मिली है। मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक लगाया था। मुंबई को इस मैच में जीत मिली थी। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाया था और इस मैच में उनकी टीम को जीत मिली थी।

मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने पंजाब किंग्स और रयान रिकल्टन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया था, लेकिन दोनों ही मैचों में मुंबई इंडियंस को हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए केएल राहुल ने अपने करियर की श्रेष्ठ पारी (152 रन) खेली थी, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ खेली गई यह पारी डीसी के काम नहीं आई और टीम को रिकॉर्ड हार का सामना करना पड़ा। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने आरसीबी के खिलाफ शतक लगाया, लेकिन उनकी टीम हारी। क्रिकेट की दुनिया में सेनसेशन बन चुके राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने एसआरएच के खिलाफ शतक लगाया था, लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था।



## संक्षिप्त समाचार

### नोवामुंडी में झमाझम बारिश से मिली राहत, ठंडी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

**नोवामुंडी, एजेंसी।** भीषण गर्मी से जूझ रहे झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुरुवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ली। रात करीब 11:20 बजे तेज हवाओं के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश ने पूरे इलाके को तरबतर कर दिया। आकाशीय बिजली की चमक और बादलों की गड़गड़ाहट से माहौल रोमांचक हो उठा। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच हुई इस बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। बारिश ने मौसम को भी पूरी तरह खुशनुमा बना दिया। लोग ठंडी हवाओं और बारिश का आनंद लेते नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में सुकून भरा माहौल बन गया। बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को कुछ देर असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि, रात करीब 12 बजे के बाद बिजली बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। हल्की बारिश के कारण नोवामुंडी ओवरब्रिज पर जलजमाव की समस्या एक बार फिर सामने आई। जमा पानी और फिसलन के चलते सुबह लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सरायकेला-खरसावां: भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने बढ़ाई मुसीबत

**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में आसमान से बरसती तेज धूप के साथ साथ तेज गर्मी से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं, बिजली की किल्लत और लो वोल्टेज ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोगों को न तो घर में चैन मिल रहा है और न ही बाहर में। गर्मी से लोग तरबतर हो रहे है। गर्मी में लोड़ भी बढ़ गया है। इससे अक्सर 11 हजार वोल्ट बिजली के तार टूट कर गिर रहे है। साथ ही हल्की हवा चलने से ही पेड़ की डालियां आपस में सटने से लाइट भी ट्रिप कर जा रही है। इसे दुरुस्त करने के लिए भी बिजली काटनी पड़ रही है। बिजली विभाग के सरायकेला और खरसावां सब डिवीजन में रोजाना पांच से छह घंटे बिजली की कटौती हो रही है। बढ़ती गर्मी में सरायकेला में बिजली की खपत बढ़ गई है। बिजली विभाग के सरायकेला सब डिवीजन के असिस्टेंट इंजीनियर संजय कुमार सवैया के अनुसार सरायकेला में उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति के लिए 11 मेगावाट बिजली की जरूरत है, जबकि विभाग सिर्फ 6.5 से 7 मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो रहा है। इसमें शहरी क्षेत्र में जहां 3.32 मेगावाट और ग्रामीण क्षेत्रों में 3.42 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। संजय सवैया ने बताया कि इसके बावजूद भी क्षेत्र में बेहतर ढंग से बिजली की आपूर्ति करने की कोशिश की जा रही है।

### सरायकेला बाजार में फूड सेफ्टी का छापा, दो दुकानों पर लगाया जुर्माना

**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड के सरायकेला खरसावां जिले के उपायुक्त नीतिश कुमार सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुधीर रंजन द्वारा सरायकेला बाजार क्षेत्र में खुदरा और थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक्सपायर्ड और बिना लेबल वाले खाने की चीजों की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान एक दुकान में एक्सपायर्ड नारियल पानी पाए जाने पर उसे मौके पर ही नष्ट करते हुए संबंधित दुकानदार पर ?2000 का जुर्माना लगाया गया। वहीं, एक अन्य थोक विक्रेता के गोदाम में गंदगी एवं बिना लेबल के खाद्य सामग्री पाए जाने पर 2000 का जुर्माना लगाया गया। जांच अभियान के क्रम में संजय चौक और आसपास के क्षेत्र में गोलगप्पा बेचने वालों की भी जांच की गई। सभी विक्रेताओं को साफ पानी और ताजा खाद्य सामग्री के इस्तेमाल और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए, साथ ही जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा सरायकेला बाजार स्थित सभी खुदरा और थोक विक्रेताओं, होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से अपील की गई है कि वे अज्ञात स्रोत से मिले खाद्य सामग्री और एक्सपायर्ड पेय पदार्थ, चिप्स और अन्य खाने की चीजों को न बेचें।

### पलामू में संदिग्ध परिस्थितियों में दो अलग-अलग महिलाओं की मौत

**पलामू, एजेंसी।** जिले के मेदिनीनगर शहर और चैनपुर इलाके से दो अलग-अलग महिलाओं का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। पुलिस दोनों मामले में छानबीन कर रही है और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। टाउन थाना क्षेत्र के बारालोटा जीएलए कॉलेज के इलाके से अदिति मिश्रा नाम की एक विवाहिता का शव बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक, अदिति के पति पीडब्ल्यूडी विभाग में इंजीनियर है। अदिति के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि परिजनों की तरफ से अभी तक लिखित आवेदन नहीं मिला है। पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है। वहीं, पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के छंदों के परसाखाड़ से कविता देवी नाम की महिला का शव बरामद हुआ है। कविता देवी 72 घंटे से लापता थी। लापता के संबंध में परिजनों ने पुलिस को किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी थी। महिला का शव बरामद होने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है।

रात के 3 बजे सिवान की सड़कों पर अचानक

# बरसने लगी गोलियां, छोटू यादव का एनकाउंटर




**सिवान, एजेंसी।** बिहार में पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में आ चुकी है। तभी तो 24 घंटे के अंदर प्रदेश में दो बड़े एनकाउंटर हुए हैं। पहले भागलपुर में रामधनी यादव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। उसी तरह सिवान में भी घटना के महज 12 घंटे के अंदर एनकाउंटर में गोलियों की गूंज सुनाई पड़ी।

दरअसल, सिवान पुलिस ने अपराधी छोटू यादव का एनकाउंटर किया है, जो हुसैनगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस और आरोपी के बीच हुए मुठभेड़ में छोटू यादव के पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

**रोजरेज को लेकर मामले ने तूल पकड़ा :** अब आपको इस घटना की पूरी कहानी बताते हैं। इसकी शुरुआत रोडरेज से होती है। पुलिस के अनुसार भाजपा नेता मनोज सिंह के बहनोई चंदन सिंह और उसके भांजे हर्ष सिंह एक कार से जा रहे थे। रास्ते में आंदर ढाला में कार को खड़ी कर कोई काम से गए। तभी पीछे से एक कार आयी और उसमें टक्कर हो गयी। जिसके बाद दोनों लोगों में कहा-सुनी हुई।

**कार से पिस्टल निकाली और दनादन फायरिंग की :** देखते ही देखते छोटू यादव ने कार से पिस्टल निकाली और गोलीबारी कर दी। जिसमें तीन गोली हर्ष सिंह को मारी गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं बीजेपी नेता के बहनोई चंदन सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस घटना के बाद पुलिस ने एक एसडीपीओ की देख रेख में टीम गठित कर जाल बिछाया। रात भर पुलिस की टीम छापेमारी करती रही। सीसीटीवी से गाड़ी नम्बर की पहचान की गई। पुलिस ने धावा बोला तो तीन आरोपी फरार हो गए, जबकि छोटू यादव पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

**तीन बजे हुआ एनकाउंटर :** छोटू यादव ने पुलिस पूछताछ में अपना जुर्म भी कबूल कर लिया। इसके बाद सिवान पुलिस उसको लेकर हत्या में इस्तेमाल हथियार को बरामद करने जा रही थी। रात तकरीबन तीन बजे का यह वक्त था।पुलिस के अनुसार, ''छोटू यादव छुड़ाकर भागने लगा और छुपाए हुए हथियार निकाल कर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें आरोपी छोटू यादव घायल होकर गिर पड़ा। उसके पैर में दो गोलियां लगी हैं।

## बिहार में बीजेपी नेता के भांजे की हत्या, रोड रेज के बाद बरसाईं गोलियां



**सिवान, एजेंसी।** बिहार के सिवान जिले में बुधवार शाम एक मामूली रोड रेज विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सिवान के पूर्व एमएलसी और भाजपा नेता मनोज सिंह के भांजे 28 वर्षीय हर्ष कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उनके बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना लक्ष्मीपुर-आंदर ढाला ओवरब्रिज के पास टाउन थाना क्षेत्र में हुई।

**तिलक समारोह जाते समय हुई घटना:** चंदन सिंह अपने बेटे हर्ष कुमार सिंह के साथ तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सड़क किनारे कार खड़ी कर परिवार के अन्य सदस्यों का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार उनकी गाड़ी से सट गई, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। बहस कुछ ही देर में इतनी बढ़ गई कि दूसरे पक्ष के लोगों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी।

**हर्ष कुमार सिंह की मौके पर मौत:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान दूसरी कार में सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हर्ष कुमार सिंह को कई गोलियां लगीं और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया। उनके पिता चंदन सिंह को भी गोली लगी, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है और उनका इलाज चल रहा है।

**पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार:** पुलिस ने मामले की त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी की पहचान कर ली। आरोपी की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा गांव निवासी छोटू कुमार यादव (वीर यादव का पुत्र) के रूप में हुई है। पुलिस ने गुरुवार तड़के करीब 3 बजे उसे पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने भागने और फायरिंग करने की कोशिश की।

**मुठभेड़ में आरोपी को दोनों पैरों में लगी गोली:** पुलिस की जवाबी फायरिंग में छोटू यादव के दोनों पैरों में गोली लग गई। वह घायल अवस्था में गिर गया और फिलहाल सरकारी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है। इस मुठभेड़ में पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। पुलिस के अनुसार, छोटू यादव मुख्य आरोपी है, लेकिन घटना में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। एसपी पुरन कुमार झा, एसडीपीओ अजय कुमार और नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने मौके का निरीक्षण किया।

## डीडीयू को मिले पांच नए शिक्षक, कार्य परिषद में खुला लिफाफा

**गोरखपुर , एजेंसी।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में बुधवार को कार्य परिषद की बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न विभागों में नए शिक्षकों की नियुक्तियों का लिफाफा खुला। इसके साथ ही राजभवन की ओर से गठित की जाने वाली सर्च कमेटी के एक सदस्य के रूप में प्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी प्रो. जीडी शर्मा के नाम को मंजूरी दी गई।

कार्य परिषद ने अंग्रेजी विभाग में आचार्य पद पर अजय चौबे, बायोटेक्नोलॉजी विभाग में सहयुक्त आचार्य पद पर डॉ. निर्मल प्रभाकर, वनस्पति विज्ञान विभाग में सहयुक्त आचार्य पद पर डॉ. शंभू कुमार और सहायक आचार्य पद पर आनंद कुमार के चयन को मंजूरी दी। साथ ही होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में आशीष रंजन को सहायक आचार्य (कांट्रैक्चुअल) के रूप में नियुक्ति को स्वीकृति दी। इसके अलावा कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अंतर्गत विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. रामवंत गुप्ता और अंग्रेजी विभाग के डॉ. आमोद रॉय को सहयुक्त आचार्य से आचार्य पद पर प्रोन्नति दिए जाने को स्वीकृति प्रदान की गई। कार्य परिषद ने कुलपति चयन के लिए राजभवन की ओर से गठित की जाने वाली सर्च कमेटी के एक सदस्य के रूप में प्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जीडी शर्मा के नाम को भी अनुमोदन प्रदान किया। प्रो. जीडी शर्मा देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं अनुभवी अकादमिक प्रशासक हैं। लगभग 45 वर्षों के अपने शैक्षणिक करियर में उन्होंने असम विश्वविद्यालय, नागालैंड विश्वविद्यालय और बिलासपुर विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में कुलपति, प्रति-कुलपति, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वर्तमान में वे यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय के कुलपति के रूप में कार्यरत हैं।

## बंगाल में परिवर्तन का संकेत: एमएलसी जीवन कुमार



**कोलकाता।** राज्य में हुए विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए आये बिहार,गया के एमएलसी जीवन कुमार ने हिन्दी दैनिक शाम की झलक के सीएमडी व चेयरमैन राकेश रंजन श्रीवास्तव से विशेष मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज दत्त भी मौजूद रहे। बातचीत के दौरान जीवन कुमार ने कहा कि कि बंगाल में परिवर्तन के संकेत साफ दिखाई दे रहे हैं। जल्द ही नया बंगाल देखने को मिलेगा। इससे पहले भी बंगाल आ चुके श्री जीवन कुमार ने पुरानी यादें ताजा करते हुए उस दौरान प्रचार के दौरान घटी सच्ची घटनाओं का जिक्र करते हे कहा कि तृणमूल के गुंडों द्वारा हमें हावड़ा ब्रिज पर बड़े भाई संजय सिंह के चुनाव प्रचार में 2021 में हमे घेर लिया गया था और किसी तरह कुछ देशभक्त साथियों के प्रयास से हमारी जान बच पायी थी। वहीं 2026 में प्रचार के दौरान इनके चुनाव में हम खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे है! यह लोकतंत्र से खिलवाड़ की सच्ची घटना है।

इस चुनाव में हम लोग जैसे साथी चुनाव प्रचार कर पा रहे हैं वह इस देश के ताकतवर गृह मंत्री माननीय शाह की ताकत के कारण तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी उस चुनाव में तृणमूल के गुंडों द्वारा घेर लिए गए थे। आज वर्तमान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बड़े भाई माननीय नितीन नवीम के साथ इनके चुनाव प्रचार में दोबारा भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उस घटना के दौरान वर्तमान भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह के मंच पर बिहार के दूसरे बार चुने हुए बीजेपी विधायक अभिभावक माननीय राजेश सिंह और मेरा सहयोगी कुंदन भी 2021 के बंगाल चुनाव में मेरे साथ तृणमूल के गुंडों द्वारा घेर लिए गए थे। उस मंच पर शाहनवाज हुसैन भी थे और नाजिया इलाही खान, जिसके सुप्रीम कोर्ट में केस के कारण ट्रिपल तलाक लागू हुआ था। शाहनवाज हुसैन तो जेड श्रेणी की सुरक्षा के चलते वहाँ से निकलने में सफल हुए लेकिन हम लोग की तृणमूल के गुंडों द्वारा घेराबंदी में आ गये! उस घटना ने हमे ऐसा सींचने ओर मजबूर किया की इस देश में लोकतंत्र बंगाल में केवल दिखावे के लिए है और बंगाल की हालात कश्मीर से भी खराब है।

उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव के बाद टीएमसी के गुंडों द्वारा कई बीजेपी कार्यकर्ताओं की क्रूरता पूर्वक हत्या तक कर दी गई थी। लेकिन आज इस चुनाव वो सब गुंडे औक़ात में हैं।

इसलिए कह रहे हैं कि बंगाल में और देश में लोकतंत्र बचाना है तो एक बार जरूर अपने सगे संबंधियों और साथियों से कहिए बीजेपी की सरकार बनने में अपनी भूमिका निभायें।

## प्रादेशिक कराटे प्रतियोगिता: तीन बार की नेशनल चैंपियन, चौथी बार कराटे में पदक जीतने को तैयार



**वाराणसी , एजेंसी।** राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में लगातार तीन वर्ष की चैंपियन लेढूपुर निवासी अवंतिका सिंह चौथे वर्ष पदक के लिए दाव आजमाएंगी। कोच दिलीप सैनी ने बताया कि अवंतिका 2023 से लगातार हर वर्ष काता और कुमिते में स्वर्ण पदक जीत रही हैं। लगातार चौथे वर्ष भी उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कुमिते स्पर्धा में हुआ है। खिलाड़ियन केंद्र के 10 खिलाड़ियों ने प्रदेशिक कराटे में पदक जीता है।

उनकी मां सुमन सिंह स्वयं सहायता समूह चलाती क्षेत्र की महिलाओं का सशक्तीकरण कर रही है जबकि फिजियो थेरेपिस्ट पिता उन्हे सहयोग करते हैं। अवंतिका सिंह हर रोज खिलाड़ियन कराटे केंद्र में कोच की देखरेख में दो सत्र में चार घंटे काता और कुमिते का अभ्यास करती हैं।

बताया कि इस वर्ष खिलाड़ियन केंद्र के तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय कराटे के लिए यूपी टीम में चयनित हुए है। ये सभी लखनऊ में आयोजित प्रादेशिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते हैं। कोच ने बताया कि प्रादेशिक में कुल 10 खिलाड़ियों ने पदक जीता है। चयनित चार खिलाड़ी आगामी जून माह देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में यूपी टीम से खेलेंगे।

प्रतियोगिता में पिछली बार की राष्ट्रीय चैंपियन अवंतिका सिंह के साथ सुहानी यादव एवं दृष्टि चौबे ने स्वर्ण पदक जीता शीतल सिंह चौहान ने एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक प्राप्त किया। चंद्रभान मिश्रा ने दो रजत पदक हासिल किए, जबकि सूर्यांश यादव ने एक रजत एवं एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त खुशी यादव, रोली कुमारी, अंशिका मिश्रा एवं अनुराग यादव ने कांस्य पदक जीतकर वाराणसी का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के वाराणसी आगमन पर कराटे केंद्र में उनका स्वागत किया गया।

संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। खिलाड़ियों को सुमन सिंह, गुंजन यादव, अंजली शर्मा, रितिका यादव, आयुषी मौर्य आदि ने बधाई दी है।

## राज्य विश्वविद्यालयों में छात्रों की परीक्षा में लगेगी बायोमीट्रिक हाजिरी, राजभवन ने जारी किए निर्देश




**लखनऊ, एजेंसी।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा अपनाई जा रही डिजिटल परीक्षा व्यवस्था काफी फूलप्रूफ, उपयोगी, समय व पैसे की बचत करने वाली है। इसमें छात्रों की बायोमीट्रिक उपस्थिति लगेगी। तीन लेयर की जांच होने से किसी भी तरह के फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। साथ ही समय पर परिणाम भी आ सकेगा।

राजभवन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों को एकेटीयू द्वारा अपनाई जा रही परीक्षा व मूल्यांकन व्यवस्था को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया है। राज्य विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं में अभी छात्रों का सत्यापन कागज की सीट पर फोटो और अन्य सूचनाओं का मिलान करके किया जाता है। छात्रों का हस्ताक्षर भी कराया जाता है जबकि एकेटीयू में यह व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। एकेटीयू में छात्र की कॉपी स्कैन की जाती है। इसमें एक क्यूआर कोड होता है जो मूलतः कॉपी नंबर होता है। इसे कोई जान नहीं पाता है। परीक्षा के दौरान कॉपी को स्कैन किया जाता है। छात्र की कॉपी के साथ फोटो ली जाती है। साथ ही उसकी बायोमीट्रिक भी लेते हैं। स्कैनिंग के समय इन तीनों का मिलान किया जाता है। इससे कॉपियों में बदलाव की संभावना समाप्त हो जाती है।

इतना ही नहीं छात्र अगर कॉपी में अपना रोल नंबर गलत लिखेगा तो भी उसकी फोटो व स्कैन कॉपी नंबर से उसे मैप किया जा सकेगा। ऐसे में न सिर्फ परिणाम जल्द आएगा बल्कि उसमें गलतियां भी कम होंगी।

एकेटीयू की ओर से परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय सीसीटीवी से छात्रों की जांच होती है। वहीं परीक्षा के दौरान भी विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से लाइव मॉनीटरिंग की जाती है। ऐसे में राज्य विश्वविद्यालय अगर सीसीटीवी का सही प्रयोग कर रहे हैं, तो उनके लिए इस प्रक्रिया को अपनाना आसान होगा।

# एजेंट बनकर बदल रहे पेमेंट एप मशीन, लोन लेकर कर रहे खरीदारी, ठगी का नया तरीका अपना रहे जालसाज

**वाराणसी, एजेंसी।** इन दिनों शहर में साइबर ठगी के नए तरीके सामने आ रहे हैं। साइबर अपराधी बीते 45 दिनों से सक्रिय हैं और अब तक 15 से अधिक लोगों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं। इनके निशाने पर व्यापारी, दुकानदार और बड़े कारोबारी हैं। साइबर ठग पहले ट्रांजेक्शन डिटेल्स हासिल करते हैं और फिर अपने टारगेट को चिह्नित करते हैं। इसके बाद वे दुकान, मॉल या कारोबारी के पास ऑनलाइन पेमेंट एप के अधिकृत एजेंट बनकर पहुंचते हैं।

क्यूआर कोड मशीन को अपडेट या नया इंस्टॉल करने का झांसा देकर मशीन के बॉक्स का सिम बदल देते हैं। इसके बाद कुछ ही मिनटों में निजी कंपनियों से लोन लेकर खातों से लाखों रुपये निकाल लेते हैं। साइबर सेल और विभिन्न थानों में अब तक करीब 15 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें कुछ मामले केवाईसी से जुड़े हैं।

कुछ मामलों में ठग खुद को पेटीएम, फोनपे या बैंक का कर्मचारी बताकर दुकानदारों से संपर्क करते हैं। वे कहते हैं कि मशीन या क्यूआर कोड अपडेट करना जरूरी है। भरोसा जीतकर मोबाइल या मशीन अपने हाथ में ले लेते हैं और डेमो ट्रांजेक्शन के नाम पर पिन या ओटीपी पूछ लेते हैं। इसके बाद खाते से पैसे अन्य खातों में ट्रांसफर कर देते हैं।




### केस-1

शिवपुर थाना क्षेत्र निवासी दुकानदार काशीनाथ केशरी के पास मार्च में दो युवक पहुंचे। उन्होंने खुद को एक निजी कंपनी का अधिकृत कर्मचारी बताया और पेमेंट मशीन बदलने की बात कही। मशीन अपडेट के नाम पर बॉक्स का सिम बदल दिया और 5.75 लाख रुपये का लोन लेकर खरीदारी कर ली। पीड़ित ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### केस-2

गोलगड्डा निवासी एक युवक की दुकान पर दो साइबर ठग पहुंचे। उन्होंने पेमेंट मशीन अपडेट कराने की बात कही। दुकानदार ने मना किया तो ठगों ने कहा कि सभी पेमेंट रोक दिए जाएंगे और कंपनी का निर्देश है कि मशीन अपडेट कराना अनिवार्य है। इसके बाद बॉक्स बदलकर चले गए। बाद में पता चला कि उसके बैंक खाते से तीन लाख रुपये का लोन लिया गया है।

### केस-3

मारुति नगर कॉलोनी निवासी दुकानदार आशीष सिंह के साथ 14 मार्च को ठगी हुई। एक युवक ने खुद को पेटीएम कर्मचारी बताकर बारकोड अपडेट के बहाने उनका मोबाइल ले लिया। उसने सिम निकालकर दूसरा सिम लगा दिया और चला गया। बाद में आरोपी ने आशीष के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर करीब तीन लाख रुपये का लोन ले लिया।

### बचाव के उपाय

किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी पेमेंट मशीन या मोबाइल न दें।

कंपनी का कर्मचारी बताने वाले व्यक्ति की पहचान (आईडी कार्ड) और कंपनी से सत्यापन जरूर करें।

कभी भी अपना ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।

मशीन या क्यूआर कोड अपडेट कराने के लिए सीधे कंपनी के आधिकारिक कस्टमर केयर से संपर्क करें।

सिम बदलने या मशीन छूने की अनुमति किसी को न दें।

बैंक खाते में संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत बैंक और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।

दुकानदार किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। कोई भी कंपनी बिना आधिकारिक सूचना के मशीन बदलने या अपडेट करने के लिए एजेंट नहीं भेजती। सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

**-विदुष सक्सेना,** एसीपी साइबर क्राइम

## संक्षिप्त समाचार

### आर्बिट्रेशन अवॉर्ड पर उठे सवाल,वाहन मालिक ने एसपी को की शिकायत

**चमकता राजस्थान/खरगोन।** जिले के ठीबगांव बुजुर्ग निवासी हमीद खान ने एक आर्बिट्रेशन अवॉर्ड के संबंध में गंभीर आपत्ति जताते हुए एसपी को शिकायत कर निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को की शिकायत में आरटीओ विभाग द्वारा बरती गई लापरवाही के मामले में विभिन्न सरकारी विभागों और कानूनी प्रक्रियाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं।एसपी को की शिकायत में खान ने बताया कि वाहन क्रमांक एमपी 10 टी 1662 को हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस कंपनी ने छलपूर्वक अपने कब्जे में लिया था, इसके बाद आर्बिटेशन में झूठे दस्तावेज प्रस्तुत कर अवार्ड पारित कराया गया। इस मामले में मेरे पक्ष को नजर अंदाज किया गया है,जो जांच का विषय है। खान ने आरोप लगाया कि इस मामले में कंपनी महाप्रबंधक सहित खरगोन आरटीओ और दुर्गा ऑटो डील भोपाल की भूमिका संदिग्ध है। इन सभी ने मिलकर दो अवैध आर्बिट्रेशन,संगठित धोखाधड़ी, जालसाजी, सरकारी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ और वाहन का अवैध हस्तांतरण जैसे गंभीर अपराध किए हैं। इस प्रकरण से जुड़े विभिन्न सरकारी प्राधिकरणों के आदेश और शिकायतें पूर्व में भी दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें ग्वालियर के परिवहन आयुक्त, खरगोन पुलिस,181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और मप्र उच्च न्यायालय के मामले शामिल हैं।शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि 25 अक्टूबर 2021 को एक अवैध आर्बिट्रेशन अवार्ड जारी हुआ था, जिसके विरुद्ध आपत्तियां अभी लंबित हैं। खान ने पुलिस से इस पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है।



### वरमाला में 'लव ट्राएंगल' का धमाका – प्रेमिका की एंट्री से शादी बनी अखाड़ा

- **"जिसकी लाठी उसकी भैंस"– दूल्हा, दुल्हन और प्रेमिका के बीच भिड़ंत, दूल्हा बेहोश**

**चमकता राजस्थान/धरम सिंह ठाकुर, डिंडोरी।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह उस वक्त बवाल में बदल गया जब वरमाला के ठीक दौरान दूल्हे की प्रेमिका अचानक मौके पर पहुंच गई। खुशियों के माहौल में आई इस 'तूफानी एंट्री' ने देखते ही देखते पूरे कार्यक्रम को अफरा-तफरी में बदल दिया। प्रेमिका के पहुंचते ही शादी समारोह में मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया और बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। बताया जा रहा है कि वधु पक्ष के आक्रोशित लोगों ने दूल्हे और उसकी प्रेमिका की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दूल्हा बेहोश हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद पुलिस दूल्हे और प्रेमिका को थाने ले गई, जहां देर रात तक पूछताछ और जांच जारी रही।

मामले में दिलचस्प मोड़ तब आया जब प्रेमिका ने बताया कि उसने शादी से पहले अपने प्रेमी (दूल्हे) को आखिरी बार मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन वह नहीं आया। इसी कारण वह सीधे विवाह स्थल पर पहुंच गई। वहीं दूल्हे ने भी प्रेम संबंध की बात स्वीकारते हुए कहा कि वह प्रेमिका की सहमति लेकर ही शादी करना चाहता था। सूत्रों के अनुसार, बारात अमरपुर विकासखंड के भैंसवाही गांव से आई थी। अब यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।(मुहावरा फिट बैठता है –''आसमान से गिरे, खजूर में अटके'', जहां दूल्हे की हालत न घर की रही न घाट की!)

### छोटाउदेपुर में 'जिला स्वागत' कार्यक्रम आयोजित, 13 समस्याएं प्रस्तुत



**चमकता राजस्थान/छोटाउदेपुर।** जिला कलेक्टर गर्गी जैन की अध्यक्षता में जिला सेवा सदन के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में 'जिला स्वागत शिकायत निवारण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की लंबित शिकायतों और समस्याओं का पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान करना था। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत तथा जनहित से जुड़े कुल 13 मुद्दे प्रस्तुत किए गए। इनमें सड़क मापणी, नए सड़क निर्माण, नक्शे में परिवर्तन, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित मामले, नदी पर पुल निर्माण, जमीन में नाम दर्ज कराने, नेशनल हाईवे 56 के तहत भूमि अधिग्रहण, हेड पंप बोर मोटर की मंजूरी तथा ग्राम पंचायत से जुड़े विभिन्न प्रश्न शामिल थे। जिला कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं सीधे सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों से मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों की उचित जांच कर जल्द से जल्द संतोषजनक समाधान किया जाए। इस कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सचिनकुमार, पुलिस अधीक्षक इम्तियाज शेख, निवासी अतिरिक्त कलेक्टर शैलेश गोकलाणी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन तक पहुंचाने का प्रभावी मंच मिला।

### सादड़ी में ट्रक की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, घंटों बिजली गुल

**चमकता राजस्थान/सादड़ी/पाली।** देसूरी राजमार्ग पर बारली-सादड़ी में बुधवार रात बड़ा हादसा टल गया, जब जाम में फंसे एक टर्बो ट्रक ने बिजली के पोल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल का ऊपरी हिस्सा टूटकर ट्रक पर जा गिरा और पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। घटना के दौरान संयोगवश लाइन में स्पार्क के साथ ही बिजली सप्लाई बंद हो गई, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और स्थिति बिगड़ गई। सूचना मिलते ही डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता तौकीर हुसैन टीम सहित मौके पर पहुंचे और एफआरटी की मदद से बिजली के तार हटवाकर पोल दुरुस्त करने का काम शुरू किया। वहीं पुलिस ने मशक्कत कर जाम खुलवाया और यातायात सामान्य किया। बताया जा रहा है कि पालिका क्षेत्र में बाइपास के अभाव और शादियों के सीजन के चलते भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। बस स्टैंड, आखरिया चौक, गांछवाड़ा ढलान से ब्रजभाटा चौक तक वाहन एक-दूसरे को साइड देकर निकलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। डिस्कॉम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि नुकसान की भरपाई नहीं की गई तो संबंधित वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नया पोल लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य जारी है।

# बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सुधार के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति तथा ढडउरड समिति के आदेशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव के नेतृत्व में गठित निरीक्षण दल द्वारा बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थाओं में निवासरत बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना तथा उनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास से जुड़े अधिकारों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण दल में सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग बबलू शर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजेश शर्मा, बाल कल्याण समिति सदस्य कविता एवं अधीक्षक मुरारीलाल शामिल रहे। दल द्वारा संप्रेषण गृह की आधारभूत संरचना, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, क्षमता तथा बच्चों की आवासीय स्थिति का गहनता से अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान बाल संरक्षण तंत्र के अंतर्गत स्टाफ सत्यापन, आगंतुक रजिस्टर, सुरक्षा उपायों की जांच की गई। इसके साथ ही बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे।भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर, स्वास्थ्य सुविधाएं, चिकित्सा रिकॉर्ड एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का भी मूल्यांकन किया गया। बच्चों की शिक्षा व्यवस्था एवं पुनर्वास योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भी जायजा लिया गया। दल ने बच्चों से व्यक्तिगत एवं समूह स्तर पर संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। अभिलेखों जैसे व्यक्तिगत देखभाल योजना, केस फाइल एवं अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु जियो टैग फोटो भी संकलित किए गए। निरीक्षण के आधार पर आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान केयरटेकर राजकुमार गुर्जर, कनिष्ठ सहायक संजय एवं स्टेनो राहुल डंडौतिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरु गोरखनाथ जन्मोत्सव आज गोगामेड़ी में हजारों श्रद्धालु करेंगे दर्शन

चमकता राजस्थान



**जयपुर/अनिल महावर।** 1 मई को गुरु गोरखनाथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा जिसे गोरक्षनाथ जयंती भी कहा जाता है, मुख्य रूप से वैशाख पूर्णिमा को मनाया जाता है जिसमें विशेष पूजा, जलाभिषेक, भजन, और शोभा यात्राएं शामिल हैं। नाथ संप्रदाय के अनुयायी इस दिन गुरु गोरखनाथ शिव अवतार की आराधना करते । यह दिन नाथ पंथ के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र है। इस दिन मंदिरों में गोरखपुर में विशेष अनुष्ठान और भंडारे होते हैं। माना जाता है कि गुरु गोरखनाथ ने कड़ी तपस्या करके कई महान शक्तियों पर विजय प्राप्त कर ली थी । गुरु गोरखनाथ को शिव अवतारी भी माना जाता है। उनके जन्म को लेकर कथा है कि । एक परिवार के कोई संतान नहीं होने से वे बहुत परेशान थे । एक दिन कुछ संत महात्मा उनके घर पहुंचे तो बताया कि हमारे कोई संतान नहीं है। उस समय संत ने कुछ प्रसाद दिया और कहा की इसे सुबह खा लेना इससे तुम्हारे संतान हो जाएगी और मां बनने का सुख प्राप्त होगा । हम 12 वर्ष बाद आकर उस बच्चे से मिलेंगे लेकिन यह बात जब अपने पति को बताई तो उसने इसे फेंकने के लिए बोला । डर के कारण वह भभुति गोबर के ढेर में छुपा दी कि पती के जाने बाद में खा लुगी। लेकिन वह भुल गई जब 12 वर्ष हुए तो वहीं संत महात्मा आए और आवाज देकर बाहर बुलाया पुछा की बालक कहा है। तब गोरखनाथ जी कि माता ने कहा कि आपके द्वारा दिए प्रसाद से कोई संतान नहीं हुई। इससे नाराज़ होकर संत बोले यह शिव जी का आशीर्वाद है। ऐसा नहीं हो सकता। कि कोई संतान नहीं हुई हो साधुओं को नाराज़ होते देख सच्चाई बता दी । कि वो प्रसाद तो मैंने गोबर के ढेर में छुपा दिया जब संतों ने उस ढेर से बच्चे को गोरखनाथ आवाज देकर निकाला और अपने साथ ले गए । गुरु मछंदर नाथ के आशीर्वाद से कड़ी तपस्या करके गुरु गोरखनाथ एक महान गुरु बन गए। बाद में राजा भर्तहरी भी गुरु गोरखनाथ के शिष्य बन गए थे ।

### नृसिंह मंदिर पर धर्म ध्वजा एवं कलश स्थापन किया

**चमकता राजस्थान/के. डी. शर्मा सीकर/बबाई।** गांव के इतिहास प्रसिद्ध नृसिंह मंदिर में आज श्री लक्ष्मी नृसिंह भगवान की मूर्ति के साथ मां भगवती जीण माता, राधा कृष्ण और रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश जी की प्रतिमा भी विराजित की गई। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करने से पूर्व इन सभी चमत्कारी मूर्तियों कौ नगर भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान विनोद कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता गुप्ता एवं ओमप्रकाश पंच एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीता देवी तथा उनके सभी परिवारजन ने इस कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। बताया जाता है कि इस मंदिर का तीसरी बार जीर्णोद्धार हुआ है। प्राचीन काल में यह मंदिर जमीन तल पर ही बना हुआ था किंतु मुगल काल में इस मंदिर को भवन की प्रथम मंजिल पर स्थापित किया गया था। अब इस मंदिर का पुनरुद्धार होने से मंदिर का गुंबद निर्माण कलश स्थापना और धर्म ध्वजा चढाकर इसे भव्य रूप दिया गया है। गांव में यही एकमात्र ऐसा मंदिर है जिसमें सीढ़ियों पर चढ़कर मंदिर में जाना होता है। मंदिर के स्वर्गीय पुजारी पंडित बालूराम जिन्हें गांव के लोग बालाबाबा के नाम से जानते हैं, उनके पुत्र केदारमल शर्मा तथा उनके पोते पंडित मुकेश शर्मा और पंडित कैलाश शर्मा के सतत प्रयास से धर्म प्रेमी सज्जनों के सहयोग से इस मंदिर को भव्य स्वरूप मिला है ।मंदिर पर गुंबद का निर्माण होने कलश स्थापना और धर्म ध्वजा चढ़ने से मंदिर की शोभा में अभिवृद्धि हुई है। यह देखकर सभी ग्रामवासी गदगद हैं। मंदिर के पुजारी पंडित कैलाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मंदिर हसामपुर सिद्ध पीठ नृसिंह मंदिर के बाद यह दूसरी पीठ है। उन्होंने बताया कि यह मंदिर आस्था श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र है दूल्हा विवाह के लिए ससुर घर जाने से पूर्व मंदिर में थोक लगाकर और मनौती मांग कर प्रस्थान करता है । वापस आने पर दुल्हन के साथ मंदिर में पूजा अर्चन की सदियों पुरानी परंपरा कॉल निर्वहन करता है। मंदिर पुजारीन श्रीमती पुष्पा देवी का कहना था कि मंदिर परिसर में वर्ष भर शरद पूर्णिमा, अन्नकूट और फूल ढोल जैसे अनेक कार्यक्रम लगातार चलते रहते हैं। मंदिर परिसर में चले तीन दिवसीय अनुष्ठान में मोहनलाल सावतिया, गणेश, मनीष सहित अनेक गणमान्य जनों ने भाग लिया।



### जनगणना की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने नगर पालिका सभागार में ली बैठक



**चमकता राजस्थान/धौलपुर राजाखेड़ा।** स्वजनगणना 2026 के लिए के लिए राजाखेड़ा प्रशासन द्वारा नगर पालिका सभागार में उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें बताया गया कि स्व जनगणना के लिए प्रशिक्षण दिया गया बताया गया कि 1 मई से 15 मई तक स्व जनगणना की जाएगी जिसको सफल बनाना पहली प्राथमिकता रहेगी। उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा के साथ अधिकारी एवं कर्मचारीगढ़ एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये जिसमें राजाखेड़ा तहसीलदार दीप्ती देव एवं नायब तहसीलदार देवेन्द्र तिवारी चार्ज जनगणना अधिकारी राजाखेडा, निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द्रसिह जादौन व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर सहित उपखण्ड के समस्त जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के कर्मचारीगण गीतमसिंह, नीतेश गौड, संजय कुमार, पप्पू सिंह, मनोज कुमार, मौहरसिंह विजय सिंह सद्दाम खां रवि जैन एवं अन्य नागरिक मॉजूद थे। जिनको फील्ड ट्रेनर दिनेश कुमार शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, अमरीश कुमार, बहादुर सिह, हरिओम सिह व राजेश कुमार के द्वारा स्वजनगणना की ट्रेनिंग दी गई एवं जनगणना के बारे में बताया गया। स्वजनगणना 1 मई से 15 मई 2026 तक की जाएगी जिसमें सभी नागरिक अपनी स्व गणना कर सके।

### देवबंद के इस्लामिया डिग्री कॉलेज में अब एम.ए. की पढ़ाई, क्षेत्र में खुशी की लहर

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर/देवबंद।** इस्लामिया डिग्री कॉलेज के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी, सहारनपुर ने कॉलेज को ट.अ. (अंग्रेजी, उर्दू और राजनीति विज्ञान) के साथ-साथ इअ स्नातक स्तर पर इतिहास और शिक्षा शास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों की मान्यता दे दी है। इस उपलब्धि से अब स्थानीय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उन्हें अब अपने ही शहर में न्यूनतम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, इन कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया मई माह से शुरू कर दी जाएगी। इस फैसले के बाद से क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह है और उन्होंने इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया है।

### गौ सेवक पत्रकार किशोरसिंह ठाकुर बने प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**चमकता राजस्थान/लखन ठाकुर पत्रकार चोली।** नि प्रः- मंडलेश्वर। प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविंद्र सिंह जी पवैया की अनुशंसा से श्री किशोर सिंह ठाकुर (सनातनी तकन बाबा गायवाला) देवगढ़ चोली को प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया श्री किशोरसिंह ठाकुर ने देवीअहिल्या विश्वविद्यालय से( एम.जे )मास्टर ऑफ जनरलिज्म की डिग्री प्राप्त कि है और श्री ठाकुर विगत 21 वर्ष से पत्रकारिता कर रहे हैं कहीं अनेक पेपर और चैनल में और कई राष्ट्रीय स्तर के प्रदेश स्तर के और जिला स्तर के पत्रकार संघ और संगठन में काम किया है वर्तमान में तकन बाबा दैनिक केसरीया हिंदुस्तान समाचार पत्र के प्रदेश ब्यूरो चीफ है और वंदे भारत न्यूज़ चैनल के जिला ब्यूरो चिफ है ठाकुर की इन उपलब्धियो को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया बाबा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर सभी क्षेत्र के पत्रकार बंधु सनातनी बंधुओ ने शुभकामनाएं बधाइयां दी बधाई करता पंडित दीपकजी भारद्वाज मनोज केवट जितेंद्र वर्मा संतोष ठाकुर शिवशंकर रोकड़े रामलाल राठौड़ लोकेश केवट दीपक पांडे किशोर राठौड़ राजा गोखले झबरसिंह तंवर महेंद्र वर्मा दीपक पटेल अनिल शर्मा (बाबा) परमानन्द कर्मा (कर्मा जी ऊख )दुर्गेश पाटीदार संदीप मकवाना राकेश वर्मा गौरवसिंह ठाकुर कमल जायसवाल भारत यादव(टंटी )वरुण पाटीदार संदीप सोलंकी जितेंद्र पाटीदार आदि ने शुभकामनाएं बधाइयां दी



### सफलता की कहानीः पक्के घर का सपना हुआ साकार

**चमकता राजस्थान/ब्यावर** उपखण्ड टॉडगढ़ की ग्राम पंचायत बराखन में आयोजित ग्राम रथ अभियान ने एक जरूरतमंद परिवार के जीवन में खुशियों की नई किरण जगाई। ग्राम बराखन निवासी लक्ष्मी देवी (पति शक्ति सिंह, जाति रावत) का वर्षों पुराना सपना इस अभियान के माध्यम से साकार हुआ।

पूर्व में कच्चे मकान में जीवन यापन कर रही लक्ष्मी देवी को हर बारिश में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। छत से पानी टपकना, दीवारों का कमजोर होना और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता हमेशा बनी रहती थी। ऐसे में ग्राम रथ अभियान उनके लिए आशा की किरण बनकर आया।

कार्यक्रम प्रभारी श्री पन्ना सिंह, नायब तहसीलदार, ब्यावर के मार्गदर्शन में लक्ष्मी देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला और उनके नए पक्के घर का गृह प्रवेश संपन्न कराया गया। अब उनका परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रह रहा है।

- **भावुक होकर लक्ष्मी देवी कहती हैं–**

₹पहले कच्चे मकान में बारिश के समय बहुत परेशानी होती थी। अब पक्का घर मिलने से जीवन आसान हो गया है। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से मेरा कार्य हुआ, इसके लिए मैं राज्य सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ।

यह कहानी न केवल एक परिवार के जीवन में आए बदलाव को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि सरकार की योजनाएं सही पात्र तक पहुंचकर कैसे वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं।

# 39 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद नर्सिंग अधीक्षक छोटेलाल मीणा सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड।** जिला चिकित्सालय बाड़ी के नर्सिंग अधीक्षक छोटेलाल मीणा 39 वर्षों की सराहनीय एवं समर्पित सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर बसेड़ी रोड स्थित एक निजी गार्डन में उनका भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पुष्प माला पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर, जोरदार स्वागत सम्मान किया। चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह में पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल, सीनियर नर्सिंग अधिकारी लाल सिंह मीणा, रामेश्वर मीणा, मुरारीलाल मीणा, नरेंद्र मीणा, ज्ञानसिंह मीणा, चंद्रशेखर पाराशर, मंजू शर्मा, गीता गोस्वामी, गुड्डी मीणा, धारासिंह मीणा, मनोज मीणा, रामकेश सहित अनेक नर्सिंग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छोटेलाल मीणा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके अनुभवों और योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि छोटेलाल मीणा का 39 वर्षों का सेवाकाल अत्यंत उत्कृष्ट, अनुशासित एवं प्रेरणादायक रहा है।उन्होंने अपने कार्यकाल में न केवल एक कर्मठ एवं जिम्मेदार अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई, बल्कि अपने मिलनसार स्वभाव के कारण सभी के बीच लोकप्रिय भी रहे। वे सदैव मरीजों की सेवा को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करते रहे और साथ ही समाज सेवा के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह के अंत में उपस्थित सभी साथियों ने उन्हें उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके योगदान को सदैव याद रखने की बात कही।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929